तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025



12 नगपुरा में आएंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान






13 अन्नप्राशन पहला अन्न ग्रहण करने का आनंददाई उत्सव है: डोमार









न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### सेक्टर 1 में जलापूर्ति के समय में आंशिक बदलाव

**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-1 में जलापूर्ति के समय में तकनीकी कारणों से एवं रहवासियों की सुविधा के मद्देनजर आंशिक रूप से बदलाव किया जा रहा है। यह संशोधन लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। विगत 4-5 दिनों से ट्रायल आधार पर समय का परिवर्तन करते हुए जलापूर्ति की जा रही है। आगामी सोमवार 06 जनवरी से इसे नियमित तौर पर लागू किया जाएगा। इसमें सड़क 26 से 39 में पहले जलापूर्ति समय सुबह 6 से 7 बजे तक था, जो अब 5 जनवरी से 6:30 से 7:30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार क्रॉस स्ट्रीट में जलापूर्ति समय पहले सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक था, वह अब सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक रहेगा। सेक्टर-1 के शेष सड़कों में जलापूर्ति समय यथावत रहेगा। इसमें सड़क 12 से 25 में जलापूर्ति समय दोपहर 1 से 2 बजे तक और सड़क 1 से 11 तक 5:30 से 6:30 तक पूर्ववत होगा। टाउनशिप के अन्य सेक्टरों के जलापूर्ति समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहां पर जलापूर्ति समय पर होगी। यह जानकारी नगर सेवाएं विभाग द्वारा जारी की गई है।

### बैंक मैनेजर की बाइक पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** बैंक के बाहर मैनेजर ने अपने बाइक को खड़ा किया था। लंच होने के बाद बाहर निकलने के बाद उनकी बाइक गायब मिली। आसपास खोजबीन करने पर बाइक नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिंधिया नगर साकेत कॉलोनी दुर्ग निवासी यशराज सोनी सिविक सेंटर एसबीआई ब्रांच के सीनियर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर है। अपनी बाइक सीजी-07 बीएस 1835 से घर से बैंक पहुंचे। बाइक को बैंक के बाहर खड़ा कर दिया और बैंक के कार्य में जुट गए। दोपहर 2 बजे लंच होने के बाद बैंक के बाहर निकलने पर जहां बाइक को खड़ा किया था। गायब मिला। आसपास खोजबीन कर सीसीटीवी कैमरा को भी चेक किया गया। लेकिन बाइक की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस बाइक चोर की तलाश आसापस में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है। लेकिन बाइक चोर की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

---

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम: आईआईटी भिलाई ने की नई शुरूआत

# उद्योगों के आइडिएशन को मिलेगा प्लेटफार्म परेशानियों का समाधान तलाशेगा आईआईटी

**प्रदेश का पहला इंडस्ट्रियल एकेडमी : फैकल्टी और स्टूडेंट्स को रिसर्च के लिए होगी फंडिंग**

**अब तक 70 आवेदन आए, प्रोजेक्ट के लिए 17 करोड़ पहले से आरक्षित किए गए**

आलोक तिवारी ▸▸| भिलाई

देश ने आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम आगे बढ़ा लिया है। जल्द ही आईआईटी औद्योगिक क्रांति के इस युग में एक और मील का पत्थर गाड़ने की तैयारी में है। उद्योगों की हर समस्या का समाधान आईआईटी तलाशेगा। ताकि विदेशों पर निर्भरता कम हो सके। इसके लिए आईआईटी के फैकल्टी और स्टूडेंट्स रिसर्च करेंगे। समाधान का ड्राफ्ट तैयार कर उसे एक्सपर्ट्स के समक्ष रखेंगे। इसके लिए बकायदा फंडिंग भी जाएगी। आईआईटी भिलाई को इसके लिए 17 करोड़ रुपए मिले हैं। वर्तमान 70 से ज्यादा रिसर्चर्स ने इस नए प्रयोग के लिए आवेदन किए हैं। इतना ही नहीं नए उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जा रहा है। अगले 5 से 10 सालों में बड़े उद्योगों को लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें फंडिंग, बाजार से लेकर अन्य सारी जानकारी उद्योगपति को उपलब्ध कराई जाएगी। आईआईटी भिलाई में इंडस्ट्री एकेडमी के रूप में यह संस्था काम करेगी, जो हर प्रकार से उद्योगों की मदद के लिए तत्पर रहेगी। पिछले दिनों बीएसपी और आईआईटी के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इसकी जानकारी सार्वजनिक की गई। बता दें कि आईआईटी भिलाई यंग इंस्टीट्यूट के तौर पर उभर रहा है। ऐसा बेहतर रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की फैकल्टी और लगातार बढ़ रहे टेलेंटेड स्टूडेंट्स के कारण संभव हो पा रहा है।





### आईआईटी भिलाई में इनोवेशन हब तैयार, लगातार हो रहे प्रयोग

जानकारी के मुताबिक आईआईटी भिलाई देशभर के एमएसएमई उद्योगों, स्टार्टअप और रिसर्च करने वालों को आईआईटी भिलाई प्लेटफॉर्म देगा। एंटरप्रेन्योर्स और एमएसएमई को सपोर्ट करने के लिए आईआईटी भिलाई योजना चला रहा है। आईआईटी भिलाई में टेक्निकल इनोवेशन हब तैयार हो रहा है। इसके लिए खुद की अपनी कंपनी बनाई है। यह कंपनी इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीटीएफ) के नाम से होगी। फिंटेक, विशेषतौर पर ई-पेमेंट, ब्लॉकचेन समेत अन्य कार्यों पर फोकस किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में मिनरल्स उद्योग की संभावनाएं बहुत हैं। ताकि इनोवेशन एक्टिविटी से लेकर उद्योगों को बूस्ट करने के लिए कंपनी काम करें। आईआईटी की इस पहल से दुर्ग-भिलाई के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और देशभर के एमएसएमई उद्योगों को फायदा होगा। एमएसएमई स्कीम के अंतर्गत दो यूनिक आइडिया को प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग एंड एडवाइजरी कमेटी (पीएमएसी) द्वारा एप्रूव्ड किया गया है। इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) इस पर काम कर रही है।

### उद्योगों की समस्याओं पर रिसर्च कर निकालेंगे समाधान

प्रदेशभर के उद्योगपतियों युवा उद्यमियों और इंडस्ट्रीज से जुड़े लोगों के लिए यह बड़ा फैसला है। सभी तरह के उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रीज एकेडमिक शुरू किया जाएगा। जहां सभी प्रकार के इंडस्ट्रीज से जुड़ी सभी तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए विशेषज्ञ शोध करेंगे। इसके बाद उन समस्याओं का समाधान निकालेंगे। यह पहल भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी) भिलाई और इनोवेशन एडं टेक्नोलॉजी फाउंडेशन करने जा रहा है। प्रदेश का पहला इंडस्ट्रीड एकेडमी बनाने वाला है। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। जनवरी महीने में इसे शुरू करने की तैयारी है। इस इंडस्ट्रीज एकेडमिक सभी उद्योगपतियों व इससे जुड़े लोगों के लिए होगा। पूरी तरह से सावर्जनिक होगा। जहां नए व पुराने उद्यमी व इससे जुड़े लोग एकेडमी में संपर्क कर सकेंगे।

### बीएसपी जैसे बड़े उद्योगों में भी देंगे सेवाएं

बड़े-बड़े सार्वजनिक उपक्रम, फैक्ट्रियां उद्योग को लेकर आ रही समस्याओं की जानकारी दे सकेंगे। जैसे स्टील बनाने, उत्पादन करने से लेकर जो भी समस्या हो। उसे वे एकेडमी में रखेंगे। जहां एक्सपर्ट समस्याओं पर गौर करेंगे। आईआईटी के एक्सपर्ट समस्या देशभर में और कहां-कहां आ रही है, इसकी जानकारी लेंगे। यदि वह समस्या देशभर के स्टील इंडस्ट्रीज की समस्या है, तो उस पर एक्सपर्ट की टीम लगाई जाएगी, जो इस समस्या को दूर करेंगे रिसर्च करेंगे और उसका समाधान निकालेंगे। इससे किसी एक व्यक्ति या उद्योग नहीं बल्की पूरे देश के उद्योग को लाभ मिलेगा।

### उद्योगों की समस्याएं होंगे सेंट्रलाइज, मिलेगा समाधान

आईआईटी भिलाई में इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के विष्णु वैभव द्विवेदी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईआईटी का उद्देश्य रिसर्च को प्रोडक्ट और इंडस्ट्रीज से जोड़कर व्यापारीकरण करना है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार और आधुनिक शिक्षा के लिए पिछले दिनों राजधानी रायपुर और उसके आसपास के स्थानों में संचालित शासकीय और निजी पॉलीटेक्निक कॉलेज और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्राचार्यों के साथ एक बार बैठक हो चुकी है। इसमें स्किल डेवलपमेंट पर विचार विमर्श किया गया है। इसके तहत बच्चों में कौशल विकास हो सकेगा। इससे उन्हें तकनीकी ज्ञान के साथ उससे संबंधित व्यावहारिक ज्ञान भी मिल सकेगा।

---

# लैब टेक्निशियन ने कॉलेज के कमरे में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

कॉलेज के लैब टेक्नीशियन ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मृतक के जेब से सुसायडल नोट भी पुलिस ने जब्त किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में केमेस्ट्री लैब रुम में महाविद्यालय में ही लैब टेक्नीशियन पद पर कार्यरत पदुम नगर भिलाई तीन निवासी तिरुपति रामटेके ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। लैब टेक्नीशियन तिरुपति रामटेके का शव लैब के कमरे में फांसी पर लटकी मिली। खबर लगने पर कालेज प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसपी शहर सुखनंदन राठौर,सीएसपी छावनी हरीश पाटिल टीआई महेश कुमार ध्रुव अपनी टीम के साथ पहुंचे। सुबह 9 बजे अपने घर से तिरुपति रामटेके कॉलेज पहुंचा और जरुरी काम का हवाला देकर चपरासी से अपना कमरा खोलने के लिए बोला था। जब कॉलेज के अन्य स्टाफ अपने समय पर पहुंचने लगे तो उन्होंने केमेस्ट्री लैब में तिरुपति रामटेके को फांसी पर लटका देखा। आत्महत्या का कारण जानने के लिए पुलिस परिजनों ने अभी बयान नहीं ले पाई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कॉलेज पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता पर बैंक का लोन था। शायद इसी वजह से उन्होंने आत्महत्या की है। मृतक भूतपूर्व सैनिक था। भूतपूर्व सैनिक कोटे से चार -पांच साल पहले उसकी नौकरी सहायक लैब टेक्नीशियन के पद पर भिलाई तीन मिली थी। लगी थी। कुछ समय पहले उसे प्रमोशन हुआ था।



### सुसाइड नोट में एसबीआई और एलआईसी से लोन का

मृतक के पास मिले सुसायडल नोट में एसबीआई, एलआईसी से करीब 50 लाख रुपए का लोन लेने की जानकारी दी है। इसके अलावा पत्नी को घटना को लेकर माफ करने की बातें लिखा हुआ है। मृतक की पत्नी भी सरकारी नौकरी करती है। दोनों का लोन चल रहा है है लेकिन पत्नी का लोन कता किस्त अधिक है। बल्कि मृतक का उनसें लोन का किश्त कम है। पुलिस को संदेह है आत्महत्या का कारण लोन के अलावा दूसरा पहलू भी हो सकता है। इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### जांच के बाद ही मौत का कारण होगा स्पष्ट

“ लैब टेक्नीशियन सुबह अपने घर से बाल कटवाने के नाम पर निकाला था। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान कॉलेज के साइंस लैब में उसका शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। मामले में परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मृतक के शव को फंदे से उतार कर पीएम के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

-हरिश पाटिल
सीएसपी छावनी

---

# जान से मारने की धमकी देकर किया अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग से अनाचार करने का मामला प्रकाश में आया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरु नगर कैपिटल सोसायटी के पास रहने वाले मन्नू जगत ने नाबालिग युवती को जान से मारने की धमकी देकर लंबे समय से अनाचार करता रहा। शिकायत के बाद आरोपी मन्नू फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो, धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी मन्नू लंबे समय से नाबालिक को अपनी हवस का शिकार बनाता रहा है। घटना की जानकारी जब परिजनों को नाबालिक ने बताया उसके बाद थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी गई। आरोपी मन्नू प्राइवेट काम करता है। नाबालिग भी उसी बस्ती में रहती थी, जिसे पहेल झांसे में लिया उसके बाद धमकी देकर अनाचार करता रहा। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर खोजबीन जारी किया है।

---

# प्रेमी युगल उज्जैन में पकड़ाए, लव जिहाद की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

उज्जैन के महाकाल थाना अंतर्गत एकलव्य होटल के करीब एक लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घटना स्थल से शनिवार की दोपहर एक प्रेमी युगल को गिरफ्तार किया है। प्रेमी युगल भिलाई का रहने वाला है। लड़की बालिग बताई गई है, जो कि नेहरूनगर की रहने वाली है। वह पुणे में जॉब करती है। वहीं लड़क मुस्लिम है, और घड़ी चौक सुपेला स्थित दक्षिण गंगोत्री में बिरयानी की दुकान चलाता है। बहरहाल महाकाल थाना पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले रखा है। लड़की को देर शाम वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। उज्जैन पुलिस ने बताया कि लड़की बालिग है, इस वजह से उसके भाई को घटना की सूचना दी गई। उसे बुलाया गया है। उसका भाई भाजपा संगठन में किसी जिम्मेदार पद में होना बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में हिंदू जागरण के अर्जुन प्रताप भदौरिया ने बताया कि आरोपी युवक सुबह से होटलों में जाकर रूम तलाश रहा था। तभी इसकी जानकारी हमें मिली, हमने पुलिस को खबर दी।

**महाकाल थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की**

### होटल में ठहरने के लिए फर्जी आईडी रखा था आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी सुबह से ही एक होटल से दूसरे होटल ठहरने के लिए घूम रहा था। संदेह के आधार पर हिंदू जागरण के कार्यकर्ताओं ने पूछताछ की। इसके बाद पुलिस को घटना की खबर दी। उस समय आरोपी एकलव्य होटल में ठहरने का प्रयास कर रहा था। उसके साथ में लड़की भी थी। कड़ाई से पूछताछ पर आरोपी ने अपना सैफ अहमद नाम से आईडी दिखाई। इससे पहले वह किसी प्रकाश कुमार गुप्ता की आईडी दिखा रहा था। इस फर्जी आईडी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।







### लड़की को परिजनों को सौंप दिया जाएगा

“ लड़की को फिलहाल वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है। आरोपी लड़के पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उसने छलपूर्वक फर्जी आईडी के इस्तेमाल किया। आरोपी का नाम सैफ अहमद है, जो भिलाई का रहने वाला है। लड़की भी भिलाई की रहने वाली है। परिजनों को खबर दी गई है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

-नरेंद्र बहादुर सिंह परिहार, टीआई महाकाल थाना उज्जैन एमपी

---


आयोजन में विस के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल

# देश की आजादी में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी लखनलाल मिश्र की प्रतिमा का इंतजार खत्म, आज होगा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने वाले लखनलाल मिश्र की प्रतिमा का इंतजार अब खत्म हो गया है। राजनीतिक तुष्टिकरण के कारण पिछले करीब 6 साल से प्रतिमा कपड़ों में लिपटी अनावरण की बाटजोह रही थी। 9 माह से अनावरण का इंतजार कर रही है। साइंस कॉलेज के बगल में प्रतिमा लगाया गया है पर अनावरण नहीं हुआ है। प्रतिमा धूल खा रही थी। 5 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह इसका अनावरण करेंगे। आयोजन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ के अध्यक्ष मनोहर खंडेलवाल आयोजन में प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर करीब 12 बजे जीई रोड स्थित सर्किट हाउस के पास शुरू होगा। बता दें कि पं. लखनलाल मिश्र देश की महान हस्तियों में शूमार हैं, जिन्होंने अंग्रेजी की सत्ता कभी स्वीकार नहीं की। उन्होंने आजादी के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इन महान सपूत की प्रतिमा मदन मोहन मालवीय स्कूल के करीब और कबरवाल पेट्रोल पंप के ठीक सामने स्थापित की गई है, लेकिन प्रतिमा का विधिवत अनावरण आज पर्यन्त नहीं हो पाया है। अब जाकर प्रतिमा लोकार्पित होने जा रही है।





### पांच लाख रुपए खर्च कर स्थापित की गई प्रतिमा, अब फिर से रंग-रोगन

रायपुर के मुरा में 27 सितंबर 1909 में इस स्वतंत्रता सेनानी का जन्म हुआ। 16 मार्च 1984 की उनकी गृह ग्राम मुरा में ही मृत्यु हुई। इसके बाद उनकी प्रतिमा दुर्ग के साइंस कॉलेज के करीब स्थित एक रिक्त जगह पर स्थापित की गई। करीब 5 लाख रुपए खर्च कर पिछली भाजपा सरकार ने इसे स्थापित किया। इसके बाद से लगातार अनावरण के लिए यह प्रतिमा इंतजार में है। पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इसका अनावरण कराया जाना तय किया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से अनावरण टल गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह से भी प्रतिमा अनावरण की तैयारी थी, लेकिन नहीं हो सकी। अब जाकर विधिवत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### महात्मा गांधी की विचारों से प्रभावित होकर सत्याग्रह का मार्ग चुना

15 दिसंबर 1945 का दिन जब दुर्ग रेलवे स्टेशन में एक पुलिस अधिकारी जो उस समय के दुर्ग सदर थाने के प्रभारी थे। उन्होंने कांग्रेस के नेता व जिले के पूर्व कलेक्टर आरके पाटिल को सैल्यूट किया। इसके बाद भारत माता व महात्मा गांधी का जयघोष किया और देश की आजादी की लड़ाई में टूट पड़े। पूरे दुर्ग जिले में खलबली मच गई। इसके बाद उन्होंने आजादी तक गांधी के साथ जुड़कर अंग्रेजों के साथ लोहा लिया। वे और कोई नहीं छग शासन में सचिव रहे गणेश शंकर मिश्र के पिता लखनलाल मिश्र थे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# डीजल के बाहरी खरीदी रोकने सरकार ने टैक्स में दी सात फीसदी की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार ने भले डीजल में लगने वाले टैक्स को सात फीसदी कम कर दिया है। लेकिन इसका लाभ बडे व्यापारियों को मिलेगा। क्योंकि राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में बल्क लीटर में लेने पर ही छूट का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि, इसका लाभ आम लोगों को नही मिलेगा। बहरहाल इस आदेश के लाभ से किसान वर्ग में वंचित होगें।

माना जा रहा है कि, राज्य शासन द्वारा छग के अन्य राज्यों से डीजल खरीदने पर पाबंदी लगाने के लिए ऐसा कदम उठाया गया हैं। पिछले तीस दिसंबर को जारी अधिसूचना की माने तो डीजल पर लगने वाला टैक्स 7 प्रतिशत कम कर दिया गया है, लेकिन इससे आम जनता को कोई फायदा नहीं होगा। यह छूट सिर्फ छत्तीसगढ़ के बड़े कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए दी गई है। क्योकि बल्क यानि बडी खेप खरीदने पर ही छूट का लाभ दिया जाएगा, यानि आम लोगों के लिए सत्रह फीसदी टैक्स जारी रहेगा।

**छः रूपए के दाम में आएगी कमीः** छत्तीसगढ़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स घटाया जाने के बाद बल्क में खरीदी करने पर प्रति लीटर छः रूपए की कमी आएगी। राज्य की ओर से लगभग 24 फीसदी लगने वाले टैक्स को घटाकर अब 17 फीसदी कर दिया गया है। इसे लेकर कमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट ने एक अधिसूचना भी जारी कर दी है। राज्य में लगने वाले 24 प्रतिशत टैक्स के साथ डीजल इस वक्त 93 से 94 रुपए प्रति लीटर के आसपास मिलता है। अब इसमें 17 पर्सेंट टैक्स लगने की वजह से डीजल के दामों में करीब 6 रुपए की कमी आएगी।

## बल्क में खरीदने पर ही मिलेगा लाभ, बड़े व्यापारियों को होगा फायदा

### इनका किया गया उल्लेख

अधिसूचना के अनुसार सड़क परिवहन, एयरपोर्ट, रेलवे, नहर, बांध या अन्य सिंचाई कार्यों से जुड़े, पाइपलाइन पेयजल आपूर्ति, वॉटर ट्रीटमेंट, सीवरेज, कंस्ट्रक्शन, पुल, सुरंग, टर्मिनल बनाने, खनन के काम से जुड़े या खनन कारखाने की सामग्री का परिवहन करने वाले व्यापारियों का उल्लेख किया गया हैं। इसके लिए व्यवसायियों के पास कैटेगरी बी का पेट्रोलियम उत्पाद बल्क स्टोरेज लाइसेंस होना चाहिए। कारोबारी को सिर्फ छत्तीसगढ़ से ही कम से कम 12 लीटर डीजल खरीदना होगा। कारोबारी सिर्फ इंडियन ऑयल लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से ही थोक में डीजल लेने पर इस छूट के हकदार होंगे।



### उद्योगपतियों को लाभ

राज्य शासन का इस छूट का लाभ उद्योगपतियों को होगा। जबकि प्राथमिकता किसानों के लिए रही है। जिसमें खेती के लिए टैक्स फ्री डीलज उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे आम जनता और किसान को कोई लाभ नही होगा।
**-राजकुमार गुप्ता,** अध्यक्ष प्रगतिशील किसान संगठन

## खबर संक्षेप



### पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

**दुर्ग।** पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जेवरा-सिरसा में प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराना, उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करना और उनके शैक्षिक और कैरियर लक्ष्यों को स्पष्ट करना था। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक अध्यापक डॉ सीतेश्वरी चंद्राकर, डॉ कुसुमांजलि देशमुख और डॉक्टर बृजलता शर्मा ने भाग लिया। डॉक्टर कुसुमांजलि देशमुख ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, शोध कार्यों, शैक्षणिक उपलब्धियां और महाविद्यालय में प्रदान किए जाने वाले अन्य शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में अध्ययन से न केवल छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है वरन यह समाज और देश के विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### आज खुलेगा जिला भाजपा अध्यक्ष का बंद लिफाफा

**दुर्ग।** पिछले दो सप्ताह से प्रदेश संगठन को नाम भेजने के बाद नए जिला अध्यक्ष का इंतजार खत्म हो जाएगा। दिल्ली से भेजे गए लिफाफा दुर्ग जिला संगठन पहुंच चुका है। संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत प्रदेश भाजपा नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला चुनाव अधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी एवं जिला चुनाव पर्यवेक्षक अनुराग सिंहदेव द्वारा समन्वय पश्चात सर्वानुमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा दोपहर दो बजे की जाएगी।

### आवेदन 13 तक

**दुर्ग।** रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां, जिला सरगुजा में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषित की जाएगी।

## मायूसी : राज्य शासन और कंपनियों के बीच हो गया था एमओयू

# एमओयू के बाद भी जमीन पर नहीं उतरी इथेनॉल प्लांट की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के तीन स्थानों पर इथेनाल प्लांट खोलने की योजना धरातल पर ही नही उतर पाई। तीनों प्लांट के लिए राज्य शासन द्वारा कंपनियों से एमओयू किया गया था। इसमें दो कंपनी के लिए प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण भी कर लिया गया था। लेकिन प्रशासनिक सिस्टम इस बडी सौगात को धरातल पर नही उतार पाई।

जानकारी अनुसार जिले के पाटन ब्लाक के ग्राम महुंद में मेसर्स ज्योत्सना ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 15 एकड शासकीय जगह दिया गया था। यहां करीब 188 करोड की लागत से प्लांट लगाया जाना था। वही दूसरा प्लांट जिले के कुम्हारी धमधा ब्लाक के ग्राम खपरी में साढे बारह एकड जमीन चिन्हांकित किया गया था। ये भी जमीन शासकीय जमीन है। यहां छग डिस्टलरीज लिमिटेड कंपनी से 157 करोड की लागत से प्लांट खोलने करार किया गया था। इसी तरह नगपुरा में भी इथेनाल प्लांट खोलने की योजना बनी थी। हांलाकि यहां ग्रामवासियों के विरोध के चलते सरकारी जगह नही मिल पाई थी। लेकिन सरकार के गंभीरता को देखकर मेसर्स क्लोरोफिल बायोक्यूलर द्वारा अपने स्तर से 32 एकड जमीन भी खरीद ली थी। लेकिन इन तीनों बडे प्रोजेक्ट को लेकर आगे की प्रक्रिया पहले की सरकार नही बढा पाई। वर्तमान में यह प्रोजेक्ट सिर्फ कागजों में ही सिमटकर रह गया। प्रदेश का पहला इथेनाल प्लांट कवर्धा के भोरमदेव में लगने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वही कोडागांव में भी प्रक्रिया चल रही है।

### खास बातें

- चावल से बनना था इथेनाल, ईंधन के रूप में होता है उपयोग
- एमओयू के अनुसार राज्य सरकार केन्द्र को बेचती इथेनाल
- एक हजार बेरोजगारों को मिल सकता था रोजगार

### उद्योग खुलने से जिले में करीब एक हजार को मिलता रोजगार



### केन्द्र ने ही दिखाई थी रूचि

बताया गया कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगातार प्रयास के बाद केनद्रिय मंत्री नितिन गडकरी ने प्लांट की स्वीकृति भी दे दी थी। लेकिन आगे चलकर चावल से बनने वाले इस प्लांट के लिए रा-मटेरियल उपलब्ध नही हो पाने की बात सामने आई थी। नगपुरा में ही खुलने वाले प्लांट को रोजाना तीस हजार क्विंटल कनकी की जरूरत पड रही थी। खैर कारण जो भी हो, लेकिन इस प्लांट को धरातल पर नही आने से बेरोजगारों के साथ अन्याय हो गया। अब नई सरकार से एक बार भी इस प्रोजेक्ट को आगे बढाए जाने की उम्मीदे लगाई जा रही हैं।

### क्या अधिग्रहित जमीन होगी वापस

पाटन के माहुंद और धमधा के खपरी में प्लांट खोलने बकायदा जमीन अधिग्रहण भी सरकार द्वारा कर लिया गया था। विभाग की माने तो इस प्रक्रिया के लिए एमओयू भी हो चुका था। अब सवाल उठता है कि, अधिग्रहित सरकारी जमीन क्या मौजूदा सरकार वापस लेगी। वही दूसरी तरफ इस प्रोजेक्ट को आगे बढाने से जिले के बेरोजगारों को रोजगार भी मिल सकती हैं। राज्य शासन द्वारा शर्त के आधार पर कंपनियो को शासकीय जमीन दिया गया था। इसके बाद भी प्रक्रिया आगे नही बढ पाई।

# नगपुरा में आएंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- समन्वय बनाकर समय पर प्रबंधन करने के निर्देश

जेआरडी स्कूल मैदान में लगाए गए डोमशेड को हटाने के बाद प्रशासन द्वारा अब नगपुरा के आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में केन्द्रिय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने की तैयारी की जा रही है। लेकिन अभी भी तारीख तय नही हुई हैं। आगामी सात और दस जनवरी को उनके यहां आने की संभावना है।

भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित दुर्ग प्रवास कार्यक्रम के सन्दर्भ में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्राम नगपुरा के कार्यक्रम स्थल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने नगपुरा स्थित कार्यक्रम स्थल अंतर्गत आत्मानंद स्कूल प्रांगण नगपुरा, हेलीपेड स्थल, पार्किंग स्थल एवं रेस्ट हॉउस नगपुरा का अवलोकन किया एवं आवश्यक सभी सुविधाओं हेतु सम्बंधित विभाग प्रमुख अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में डोम निर्माण, बैठक व्यवस्था, पेय जल, विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल, वाहन पार्किंग स्थल, हैलीपेड स्थल आदि के संबंध में समुचित प्रबंधन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर समय पर कार्य करने कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम अरविंद एक्का, एएसपी सुखनंदन राठौर और अभिषेक झा, जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे एवं सभी संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# आज आर्बिटर एग्जाम, उत्तीर्ण प्रतिभागी को मिलेगा सीनियर नेशनल ऑर्बिटर टाइटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- सीनियर नेशनल ऑर्बिटर सेमिनार आयोजित

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ को सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार एवं एग्जामिनेशन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। जिसके तहत होटल ग्रैंड इंपीरिया में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर सेमिनार व एग्जाम का उद्घाटन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के कोषाध्यक्ष, दक्षिण एशियाई शतरंज कौंसिल के अध्यक्ष, इंटरनेशनल आर्बिटर व फिडे लेक्चरर धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी एवं विशेष अतिथि के रूप में इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया एवं विशेष सहयोगी अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगडे व अंतरास्ट्रीय आर्बिटर अनिस अंसारी उपस्थित थे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्मेंद कुमार ने इस सेमिनार को विश्व स्तर का बताते हुए आयोजन के लिए प्रदेश शतरंज संघ की सराहना की तथा भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

सेमिनार का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर के योग्य निर्णायक तैयार करना है जो अपने राज्य में आयोजित प्रतियोगिताओं का सुचारू व उत्कृष्ट ढंग से संपादित कर सके। 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय सेमिनार में 4 राज्यों आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के 52 प्रतिभागी भाग ले रहे है। जिसमें 12 महिला प्रतिभागी शामिल है। सेमिनार में फिडे लॉ ऑफ चेस, कामपीटीशन रूल, रेटिंग रेगुलेशन व कैलकुलेशन, टाइब्रेक रेगुलेशन, आर्बिटर टाइटल रेगुलेशन, टूर्नामेंट सिस्टम, स्विस पेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा । उसके बाद 5 जनवरी को 2 बजे से आर्बिटर एग्जाम का आयोजन किया जाएगा । जो प्रतिभागी एग्जाम को उत्तीर्ण करेंगे उसे सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का टाइटल प्रदान किया जाएगा ।

सेमिनार में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव शशांक शेंडे, ईश्वर सिंह राजपूत, सुबोध कुमार सिंह, नवीन शुक्ला सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ, सीनियर नेशनल ऑर्बिटर, हर्ष शर्मा, शुभम बसोंने, अनिल शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश शतरंज संघ सचिव विकास शर्मा ने किया।


सर्दियों में बढ़ता है यूरिन और किडनी की बीमारियों का खतरा - सतर्क रहें

1. **पेशाब में जलन या दर्द**
- ठंड के मौसम में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (UTI) का खतरा बढ़ जाता है।
2. **बार-बार पेशाब आना, खासकर रात में**
- सर्दियों में किडनी और ब्लैडर के फंक्शन पर असर पड़ सकता है।
3. **पेशाब में खून आना**
- यह किडनी स्टोन या यूरिनरी इंफेक्शन का संकेत हो सकता है।
4. **कमर या पेट के निचले हिस्से में दर्द**
- किडनी स्टोन या यूरिनरी ट्रैक्ट में रुकावट का लक्षण हो सकता है।
5. **सूजन (हाथ, पैर, चेहरा)**
- नेफ्रोलॉजी से जुड़ी समस्याओं, जैसे किडनी फेलियर का संकेत।
6. **उल्टी या मतली**
- किडनी स्टोन या यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का सामान्य लक्षण।
7. **शरीर में कमजोरी और थकान महसूस होना**
- किडनी की कार्यक्षमता कम होने पर ये लक्षण नजर आते हैं।
8. **पेशाब में दुर्गंध या गाढ़ा रंग**
- यूरिनरी इंफेक्शन या डिहाइड्रेशन का संकेत।
9. **हाई ब्लड प्रेशर**
- नेफ्रोलॉजी से जुड़ी किडनी की समस्याओं का एक मुख्य लक्षण।
10. **बुखार और ठंड लगना**
- पेशाब से जुड़ी किसी गंभीर इंफेक्शन का संकेत हो सकता है।

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी टीम

डॉ. नवीन राम दारुका
M.CH (UROLOGY) BHU
( Consultant Urologist & Kidney

डॉ. आर.के. साहू
MD, DM(NEPHROLOGY)
( Nephrology & Kidney Transplant Physician )

डॉ. एस.के. सेठी
MD (MEDICINE)
( Consultant Physiciant in Gen.Medicine & Nephrology )

डॉ. गौतम बंगा
M.Ch.(Urology)
Urologist Andrologist & Genito-Urinary Recontrutive Surgeon Observership in Reconstructive Urology, belgrade (Serbia)

" सभी प्रकार की पथरी (Stone) की समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज एक ही छत के नीचे।"

यूरोलॉजी
किडनी स्टोन - PCNL/ RIRS /ESWL
यूरेट्रिक स्टोन - URSL
यूरिनरी ब्लैडर स्टोन - CLT

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट
सीबीडी स्टोन - ERCP

लेप्रोस्कोपिक
गॉलब्लैडर स्टोन - LAP CHOLECYSTECTOMY
पैंक्रियाटिक स्टोन - PANCREATICO JEJUNOSTOMY
पैरोटिड डक्ट स्टोन - STONE RETRIEVAL

नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ
सबमांडिबुलर डक्ट स्टोन

आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल 97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़ aarogyam hospital


## विद्यार्थियों के लिए एक विश्वसनीय स्रोत

# प्रतियोगी परीक्षाओं में वरदान है जनमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पुस्तक में विभिन्न विभागों में संचालित योजना की है जानकारी

लइका मन पढ़ही त छत्तीसगढ़ हा आगे बढ़ही। जीवन में सफलता दिलाने के लिए पुस्तक एक मार्गदर्शक का काम करती है। मार्गदर्शक का नाम लेते ही छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से संबंधित पुस्तकों का ख्याल जहन में आता है। छत्तीसगढ़ सरकार की जनमन पत्रिका एवं अन्य योजनाओं पर आधारित पुस्तके विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। पुस्तकों में प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का संकलन है।

राज्य सरकार की सभी पुस्तके उपलब्धियों और जनहितकारी फैसलों पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी शामिल है। यह पुस्तक जनसंपर्क कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। संघ, राज्य लोक सेवा आयोग और व्यापम जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन मे एक डर और चिंता की भावना घर कर जाती है। परीक्षा नाम से ही सहम जाते हैं। जनसंपर्क विभाग की शासन की योजनाओं पर आधारित कल्याणकारी पुस्तके विद्यार्थियों का भविष्य लिख रही है। इन पुस्तकों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, जिससे परीक्षार्थी उक्त पुस्तक का अध्ययन कर सफलता की सीढ़ी पार कर रहे हैं।



### छात्रों को कर रहे प्रेरित

यह पुस्तक हमारे लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। एक अच्छी पुस्तक के अभाव में हम परीक्षा में सफल नहीं हो पाते हैं। मार्केट में बहुत सारी पुस्तके उपलब्ध होते हुए भी एक विश्वसनीय और पारदर्शी पुस्तक का चुनाव कर पाना मुश्किल होता है, परंतु योजनाओं पर आधारित राज्य सरकार की पुस्तक हमारे लिए एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में कार्य कर रही है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले हर अभ्यर्थी को यह पुस्तक जरूर पढ़नी चाहिए।

# अन्नप्राशन पहला अन्न ग्रहण करने का आनंददाई उत्सव है: डोमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर



ग्रामपंचायत कुम्हली में अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई उत्सव का आयोजन हुआ। चेतना साहू और माधुरी सिन्हा का गोदभराई कराते हुए पोषाहार श्रृंगार सामग्री के साथ श्रीफल भेंट कर दोनों प्रथम गर्भस्थ महिलाओं के स्वस्थ जच्चा बच्चा की मंगल कामना करते हुए सम्मान किया गया। नन्हा सा बालक उत्कर्ष को खीर पुड़ी खिलाकर कटोरी चम्मच भेंट करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच धनेश साहू, सचिव गेंदालाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में जमुना देवी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, नेमेश्वरी मार्कण्डेय का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

■ ग्राम पंचायत कुम्हली में गोदभराई उत्सव, पोषाहार श्रृंखला सामग्री का किया गया वितरण

### जच्चा-बच्चा के लिए सुनहरा अवसर

सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि सरकार ने गर्भवती माताओं और नन्हे बच्चों के आहार चर्या पर स्वास्थ के अनुकूल आंगनबाड़ी मितानिन की व्यवस्था देकर सराहनीय योगदान दिया है। शासन-प्रशासन के इस योगदान से गांवों में जच्चा-बच्चा का स्वास्थ अच्छा होने लगा है। सबसे अच्छी बात यह हैं गांव के अधिकांश लोग इसका लाभ उठाते है स्वस्थ और मस्त रहते है।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्गों के साथ मनाया नववर्ष, किया सम्मान

**उतई।** नए वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम बोरीगारका के प्रेमचंद सोनबेर, रेखा देवी सोनबेर ने गांव के संपूर्ण आदर्श महिला मानस मंडली के सदस्यों एवं 30 वर्ष पुराने महिला मंडली के सदस्यों को बुलाकर नया वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में खेलकूद का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम श्यामाबाई कौशिक ,ओम बाई यादव तथा द्वितीय अमरिका गजपाल,चंद्रकला तथा मटकी फोड़ में ओम बाई ,श्यामा बाई कौशिक, राजवती को पुरस्कृत किया गया। बुजुर्ग माता को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रेखा देवी सोनबेर, दिनेश्वरी, नीमा बाई, राजवती, अहिल्या, अमरिका, गायत्री बघेल, लता यादव,जमुना, ओमबाई,देहूति,संध्या यादव गोंदाबाई, फूलबाई, सुमित्रा, श्यामा कौशिक, चंद्रिका गजपाल एवं अदिति साहू आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन प्रेमचंद सोनबेर एवं वीरेंद्र सोनबेर ने किया।

### भागवत कथा सप्ताह के लिए निकली कलश यात्रा



**अंडा।** ग्राम समोदा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ हुआ। आयोजक समिति बजरंग सेवा समिति भागवत ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा भारी उत्साह के साथ यात्रा निकला गया। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वरी सुखनंदन देशमुख, उपसरपंच अनुज राम निषाद, शत्रुघ्न देशमुख, बरातु राम देशमुख, अश्वनी कुमार सेन, जितेंद्र निषाद, भूपेश कुमार देशमुख, अशोक कुमार लहरे, टीकाराम देशमुख, सुनील कुमार देशमुख, ओंकार प्रसाद देशमुख, बिरनु राम देशमुख, महेश कुमार देशमुख, जिनेश्वरी देशमुख,गणेश देशमुख, ममता लहरे, धर्मेंद्र देशमुख, सुमित्रा देशमुख, दिनेश देशमुख, दुर्गेंद्र देशमुख, दुर्जन चौहान, तरुण ठाकुर, लक्ष्मी सिवारे, कुमारी ठाकुर, गंगाबाई देशमुख, शिशुपाल देशमुख, चूम्मन लाल देशमुख, सागर देशमुख, वीरेंद्र देशमुख आदि मौजूद थे। आयोजनकर्ता ने बताया कि आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में भागवत कथा सुनने आए।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग

**आम सूचना**

विषय:- सीमांकन के संबंध में आम सूचना।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बोरी के ज्ञापन क्रमांक Q दिनांक 20/11/24 के परिपालन में ग्राम सेमरिया पटवारी हल्का नंबर 08 स्थित भूमि खसरा नं. 136, 138 रकबा कमशः 0.23, 0.25 हे. के भूमिस्वामी नीलकंठ साहू आ. लक्ष्मीनाथ साहू निवासी सेमरिया की भूमि का सीमांकन दिनांक 07/01/25 को 11 बजे किया जावेगा। किसी भी व्यक्ति / संस्था जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 03/01/25

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक बोरीबुजुर्ग

## आज महायज्ञ का समापन व टोली की विदाई

# मनुष्य के मार्गदर्शक सही होने से सही दिशा में बदल जाती है: प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद



ग्राम सेलुद के हाईस्कूल मैदान में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ के तीसरे दिन प्रमोद भटनागर ने कहा कि एक अच्छा परिवार कैसे बनेगा। इसकी बात प्रज्ञा पुराण में बताया गया है। आचार्य श्रीराम शर्मा के प्रवचन को सुनकर लाखों लोगों के जीवन का कल्याण हुआ है। मनुष्य को बोध कैसे दिलाये इसका उल्लेख प्रज्ञा पुराण में है। प्रज्ञा पुराण चार खंड बंटा हुआ है। मनुष्य को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक मिल जाए तो वह व्यक्ति राम के समान बन सकता है। दिशा देने वाली समर्थ शक्ति से जुड़ने की जरुरत है।

प्रमोद ने कहा कि कुम्भ एक सैकड़ों वर्षों पुरानी एक परंपरा बनाई गई, जो बहुत पहले जब बिना संचार साधन के बाद भी लाखों लोग कुंभ पहुंच जाते थे। एक नियत तिथि में कुंभ होने के कारण सब पंचाग कैलेंडर से जान जाते थे। कुंभ में संतों से मिलने की परम्परा है जो तप करते रहते है वह कुंभ में ही लोगों के दर्शन व मार्गदर्शन करने संत लोग आते है और कुंभ के माध्यम से मिलकर व धर्म का नीति निर्धारण करते है।इस बार कुंभ का आयो प्रयागराज में हो रहा है। गृहस्थ आश्रम ही तप है।

5 जनवरी की सुबह 8.30 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। 2 से 3 बजे टोली विदाई व समापन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,पूर्व मंत्री रमसीला साहू, दूर्ग लोकसभा के सासद विजय बघेल,पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, सेलूद सरपंच खेमिन साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चन्द्राकर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लोकमनी चन्द्राकर, खेमलाल साहू, जिला सहकारी केन्दीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, चंचल यादव, अजय सिह, भागबत बंछोर, सजंय यदु, नेत्रपाल सिंह हर प्रसाद आडिल सतीश पारख सीता बंछोर सत्यभामा बंछोर पुष्पा वर्मा सनत वर्मा ग्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम मंच संचालन अशोक सिह ने किया ।

## अंचल की खबरें

### बुद्ध विहार में सावित्रीबाई फुले की मनी जयंती



**कुम्हारी।** भारतीय बौद्ध महासभा शाखा कुम्हारी के तत्वावधान में पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में क्रांति-ज्योति एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। उपासिका सावित्री बाई सहारे के नेतृत्व में बुद्धवंदना व पंचशील ग्रहण की गई। उपस्थित महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि सावित्री बाई फूले एक महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना। उस समय दलित महिलाओं और बालिकाओं को विद्यालय में पढ़ाने का प्रचलन नहीं था। कुछ लोगों ने दलित बालिकाओं को पढ़ाने का विरोध किया। उनकी साड़ी पर गोबर फेंका गया। धमकी दी गई। लेकिन उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाना जारी रखा। इस तरह आधुनिक भारत में दलित बालिकाओं को शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। दुर्गा वाहने ने सावित्रीबाई फुले का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। सावित्रीबाई फुले की जयंती में महासभा के पदाधिकारी, सदस्य महिलाएं शामिल थी। सचिव अन्नु शिवनकर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### धनोरा के पावन धरा पर गूंजेगी राम कथा



**अंडा।** बाबा दरबार धनोरा में माघी पूर्णिमा के अवसर पर श्रीहनुमंत कथा, श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से जारी है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 4 से 7 फरवरी तक श्रीहनुमंत कथा पंडित दीपक पाण्डेय के मुखारविंद से एवं श्रीराम कथा 8 से 12 फरवरी तक कथा वाचक विभूषित हनुमंत दार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज चित्रकुट धाम उत्तर प्रदेश के द्वारा एवं यज्ञ समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं कथा समय 1 बजे से शाम 5 बजे तक हर रोज 12 फरवरी माघी पूर्णिमा मेला एवं रात्रि में 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगा।

### पूर्व गृहमंत्री साहू महाआरती में हुए शामिल



**उतई।** समर्पण युवा मित्र मंडल पाऊवारा के तत्वावधान में हर वर्ष नव वर्ष के आगमन पर माता शीतला मंदिर में 2025 दीपप्रज्वलित कर नववर्ष मिलन मनाया गया। इस वर्ष भी यह उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश हिरवानी, हर्ष साहू, वामन साहू, उत्तम हिरवानी, विमल गजपाल,राजेश साहू , राजेन्द साहू, गज्जू हिरवानी, ठवेन्द्र साहू, अरुण साहू, दीपक यादव, पितेश साहू, हरदेव साहू, पीतम पटेल, धर्मेंद्र साहू, दिलीप साहू, अनिल साहू ,हरीश साहू, हीरेन्द्र साहू, शनि यादव, प्रकाश साहू, तुलसी धनकर, गिताशु साहू , संतोष साहू आदि मौजूद थे।

### पाटन के पत्रकारों ने मुकेश को दी श्रद्धांजलि



**पाटन।** बीजापुर के युवा और साहसी पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि दी। अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन ने मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकारों के ऊपर लगातार हमला की घटना हो रही है। गौरतलब हो कि 3 जनवरी को मुकेश चंद्राकर का शव ठेकेदार के सेप्टिक टैंक में पाया गया। पत्रकार संघ पाटन अध्यक्ष किशन हिरवानी ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता आसान नहीं है। भ्रष्टाचारियों की काला कारनामा उजागर करने वाले पत्रकार को आए दिन धमकी मिलते रहता है या फिर जानलेवा हमला हो रहा है। सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें। इस अवसर पर संदीप मिश्रा, किशन हिरवानी, धनराज साहू, भेदप्रकाश वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, राजू वर्मा, विवेक नारंग, दिलीप कुर्रे, हेमलता निषाद आदि मौजूद थे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में बच्चों ने दी प्रस्तुति

**अंडा।** शाउमावि अंडा में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अंडा उमा देवी चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष शाउमावि अंडा राकेश चंद्राकर, डीपी चंद्राकर, डीडी साहू, जयराम चंद्राकर, बेदनाथ भरद्वाज, फेकूराम चंद्राकर, छगन लाल चंद्राकर, खोरबाहरा राम निर्मलकर, रमेश सेन, लुकेश देवांगन, जंगला दास चेलक आदि मौजूद थे।

कौही में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

## युवा सद्भावना से खेल और अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें: अशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

जय बजरंग युवा कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिपं दुर्ग उपाध्यक्ष अशोक साहू थे। अध्यक्षता रमन टिकरिहा सभापति जप ने की। विशेष अतिथि मनोरमा टिकरिहा सरपंच,कमलेश वर्मा सरपंच बोरेन्दा,डा.नोहर साहू,तुलाराम साहू समाजसेवी,धनेश्वर देवांगन उपसरपंच,संतराम निषाद पंच ने वीर हनुमान की पूजा अर्चना पश्चात फाइनल मैच का आनंद लिया।कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता देवरी बालोद,उपविजेता सिलघट की टीम रही। श्री साहू ने युवाओं एवं ग्रामवासियों को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हेमलाल सोनकर,धनंजय देवांगन,तिलोचन साहू,खोरबाहरा निषाद, विजय साहू, अशोक ठाकुर, गौरव साहू, उमेंद्र साहू, सुखदेव यादव, कृष्णा नंदन साहू, द्वारिका साहू, राजा साहू, धनराज यादव, टीकम ठाकुर, भगवान सिंह निषाद,राकेश निषाद,थलेश्वर यादव, टाकेश, गिरवर, रणजीत, ठाकुर साहू, तुलेश्वर, कमलेश्वर, परमेश्वर, वासुदेव, मिथलेश, तिलेंद्र, करण खिलाड़ी आदि मौजूद थे।

ग्राम बोरई में प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक

## विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोरई में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया। समाज प्रमुख, शिक्षा के क्षेत्र में, शासकीय सेवा में, स्वच्छता अभियान में, मितानिन स्वास्थ कार्यकर्ता , बैगा, युवा संगठन एवं ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों को शाल, श्रीफल, और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच पदमा बाई साहू , जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, शिवकुमारी वैष्णव, पूर्व सरपंच रविंद्र यादव , अमोश्वर राजू यादव, परमानंद यादव ,नरेंद्र देशमुख, उत्तम चंद्राकर , कांतिलाल देशमुख , दीपक यादव , झावेंद्र भूषण वैष्णव , पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख, प्रीत लाल ठाकुर संदीप चंद्राकर, दो दशमत देशमुख, चुन्नू लाल सिन्हा, कैलाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि शिवकुमार निर्मलकर, भानु प्रकाश साहू, रविंद्र साहू , गजल यादव , परमानंद यादव, शत्रुहन साहू, मोहन ठाकुर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जेपी सीमेंट को 7 करोड़ 82 लाख संपत्तिकर जमा नहीं करने पर कुर्की वारंट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ 14 जनवरी के पूर्व निगम की संपत्तिकर की बकाया राशि जमा करें, अन्यथा होगी कार्रवाई

जेपी सीमेंट लिमिटेड सेक्टर-4 द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 7 करोड़ 82 लाख नहीं जमा करने के कारण नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 174 की उपधारा 1 के अधीन मांग पत्र जारी किया गया था। जिसमें 30 दिनो के भीतर संपत्तिकर जमा करना था। संबंधित संस्था द्वारा समय अवधि में संपत्तिकर नहीं जमा करने के कारण अधिनियम की धारा 175 के अंतर्गत पुनः नोटिस दिया गया। प्रबंधक जे.पी.सीमेट लिमिटेड सेक्टर 04 भिलाई के चल संपत्ति को अधिग्रहण करते हुए कुर्की वारंट धारा 178 के अधीन जारी किया गया। उक्त अधिनियम की धारा 177 के अधीन रहते हुए वारंट में निर्दिष्ट अधिग्रहण करने की दृष्टि से सूर्यादय एवं सूर्यास्त के बीच किसी भी समय भवन के बाहरी या भीतरी दरवाजे या खिड़खी को तोड़कर जोन के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अधिकृत किया गया। अंतिम चेतावनी जे.पी.सीमेंट को दिया गया है कि 14 जनवरी के पूर्व निगम की संपत्तिकर की बकाया राशि जमा कर देवें। अन्यथा नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही की जावेगी।

कुर्की वारंट के लिए प्रहलाद लहरे, दुर्योधन साहू, गणित बद्येल, भूषण सागर आदि पहुंचकर तामिल करवाने का कार्य किये। सनद रहे कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में जो भी व्यक्ति संपत्तिकर एवं अन्य कर नियमानुसार जमा नहीं कर रहे है। उन्हे नोटिस दी जा रही है, जिससे समय अवधि में अपना संपत्तिकर या अन्य कर जमा कर दें। निर्धारित समय देने के पश्चात देय राशि नहीं जमा करने वालो पर कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी पूरा जिम्मेदारी संबंधित करदाता की होगी। आयुक्त द्वारा सभी को समय अवधि में निगम की देय राशि जमा करने का अनुरोध किया गया है।

बिजनेस साइट

### भिलाई में हैंडलूम और हस्तशिल्प की धूम, 7 जनवरी तक ही मौका



**भिलाई।** सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में चल रहे हैंडलूम और हस्तशिल्प एक्सपो ने स्थानीय लोगों को देशभर की विविध कला और संस्कृति से रूबरू कराया है। इस एक्सपो में कश्मीर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और पंजाब समेत विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपने उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। यहां कश्मीरी साड़ियां, कुर्तियां और हैंडमेड कपड़ों का शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। खासतौर पर आरी वर्क, कानी डिज़ाइन और पश्मीना शालों ने लोगों को आकर्षित किया है। महिलाओं के लिए वूलन टॉप, खादी जैकेट, और खादी शर्ट की विशाल रेंज है, जबकि पुरुषों के लिए खादी शर्ट और जैकेट्स की विशेष मांग देखी जा रही है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# टाउनशिप में कर्मियों से अधिक मकान, फिर भी सुविधा के लिए तरसे

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में व्याप्त बुनियादी समस्याओं का खामियाजा हजारों रहवासी कर्मचारी और उनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है। आवासीय, सफाई, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी समस्याएं व्याप्त हैं। भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से बीएसपी कर्मियों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। नगर सेवाएँ विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता और महाप्रबंधक विष्णु पाठक व आरके गर्ग से मिलकर यूनियन ने मांगों पर चर्चा। यूनियन के अध्यक्ष चन्ना केशवलू के नेतृत्व में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि संयंत्र में वर्तमान में 10 हजार ही हैं। इनमे टाउनशिप में रहवासियों की संख्या 5 हजार से ज्यादा नहीं है। जबकि भिलाई टाउनशिप में वर्तमान कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में अत्यधिक संख्या में मकान हैं, जिसमें अनेक मकान ख़ाली हैं। कई मकान अनफिट है और कई अनफिट के कगार में हैं। फिर भी फिट मकानों की संख्या रहवास बीएसपी कर्मियों से ज्यादा है। कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर आवास सुविधा ,टाउनशिप में साफ व सुरक्षित वातावरण से वंचित हैं। शिक्षा सुविधा भी पूर्ण रूप से निजी स्कूलों के हाथों में होने से मनमाना फीस वसूला जा रहा है। यूनियन ने कर्मचारियों को बेहतर आवास सुविधा, सुरक्षित टाउनशिप वातावरण एवं बेहतर व किफायती शिक्षा सुविधा के लिए कार्य में तेजी लाने की मांग की।

### बेहतर मकान देने उठी मांग

यूनियन पदाधिकारियों ने मांग की कि रिटायरमेंट एवं उनके निर्भर परिवार वालों को लाइसेंस में दिए गए मकान जो की अनफिट घोषित हुए है ऐसे लाइसेंस धारको को समान्तर / बेहतर मकानों का आबंटन किया जाए। 650 वर्ग फीट तक के मकानों को लाइसेंस में दिया जाए। बंद सब्जेक्ट टू वेकेशन को पुन; चालू किया जाए। सेन्ट्रल एवेन्यू , फारेस्ट एवन्यू एवं गैरेज रोड में मार्ग दर्शक एवं स्पीड लिमिट के साइन बोर्ड लगाए जाएं। साप्ताहिक बाजारों में आधुनिक सुलभ शौचालय बनाएं।

### निजी स्कूलों में पालक महंगी फीस के लिए मजबूर



### मांगों का जल्द हो निदान

सभी सेक्टरो के मकानों का रंग रोगन कराने के साथ सेक्टर 6 एरिया को ख़ाली जगह पर कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त 3 बीएचके मकान बनवाएं। टाउनशिप के सभी प्राइवेट स्कूलों में बीएसपी कर्मियों के बच्चों के लिए ट्यूसन फीस में 50 प्रतिशत की छूट दिया जाए अन्यथा शिक्षा सुविधा की व्यवस्था बीएसपी स्वयं संचालित करे। बैक लाइन की सफाई नियमित सफाई व गटर में ढक्कन लगवाया जाए। चौक चौराहों, बड़े ग्राउंड एवं साप्ताहिक बाजार एरिया में हाईमास्ड लाइटिंग की व्यवस्था किया जाए। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन,डिल्ली राव,वशिष्ठ वर्मा, गौरव कुमार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### टाउनशिप में आज से 11 तक बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव के अंतर्गत टाउनशिप में मेंटेनेंस किया जाना है। इस वजह से टाउनशिप में बिजली आपूर्ति व्यवस्था 6 जनवरी से प्रभावित रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए बिजली सिस्टम का उचित रखरखाव किया जाना है। नवम्बर 2024 से मार्च 2025 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसूलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 06 जनवरी से 11 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। टाउनशिप के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तारीख पर बिजली गुल रहेगी। 6 जनवरी को रूआबांधा सेक्टर, 7 जनवरी को रिसाली सेक्टर, 8 जनवरी को मरोदा सेक्टर, 9 जनवरी को सेक्टर-10, 10 जनवरी को सेक्टर-06 के एक तिहाई हिस्से में बिजली गुल रहेगी। 11 जनवरी को जेएलएन हॉस्पिटल में बिजली बंद रहेगी। सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### इंटक कार्यालय में लगा निःशुल्क दंत शिविर



**भिलाई।** स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय में रुंगटा कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंस एंड रिसर्च द्वारा दंत परीक्षण एवं ट्रीटमेंट कैंप लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में संयंत्र कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों ने दांतों का निशुल्क उपचार कराया। डां. कर्णिका यादव के नेतृत्व में 15 डॉक्टरों की टीम ने इंटक कार्यालय सेक्टर 3 में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं दीं। 60 से अधिक कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों के दांतों का परीक्षण एवं उनका ट्रीटमेंट किया गया। मोबाइल डेंटल वैन में दांतों का उपचार किया गया। डां. मानसी एवं डां.चेतना द्वारा दांतों की देखभाल एवं उसके सफाई के सही तरीके बताया गया। डॉक्टरों ने बताया कि हमें ब्रश करने के सही तरीके की जानकारी होनी चाहिए। दांतों को तंबाकू, गुटका एवं धूम्रपान से बचाना चाहिए। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने शिविर में कर्मियों को जागरुक करने के लिए रुंगटा कॉलेज प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। डां. चेतना, डां. कैफी तजमीन अली, डां.मोहम्मद फहद, डॉ मनोज नायक डॉ मानसी विश्वकर्मा, डां. मोहन, खिलेंद्र साहू अमीन, महक अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, हेमंत सलादी व खुशी आदि ने सेवाएं दीं। शिविर में इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, अतिरिक्त महासचिव शेखर शर्मा सहित एस रवि, अजय कुमार, मार्टिन, ,, धनेश प्रसाद रमाशंकर सिंह अनिमेष पसीने, शिव शंकर सिंह, ज्ञानेंद्र पांडेय, के रमनमूर्ति, राजकुमार, रेशम राठौर गुरुदेव साहू जीके अग्रवाल जी आर सुमन जितेंद्र आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुद्दा हल नहीं होने पर बीएकेएस दर्ज करायेगी औद्योगिक विवाद परिवाद

# कलस्टर प्रमोशन रोकने पर बीएकेएस का विरोध मंगलवार को मैनेजमेंट अपना रुख करेगी क्लीयर

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



- शनिवार को रूल्स आईआर और परर्सनल विभाग के अधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा यूनियनो के साथ संयुक्त मीटिंग बुलाया गया था जिसमे बीएकेएस पदाधिकारियो ने यूनियन की तरफ से कई मुद्दो पर अपना पक्ष रखा। गौरतलब है कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा हड़ताल में शामिल होने के आधार पर कई कर्मचारियों का कलस्टर प्रमोशन को रोक दिया गया था। जिसको लेकर बीएकेएस ने गुरुवार को महाप्रबंधक संकार्य मानव संसाधन विभाग के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

साथ ही क्षेत्रीय श्रम आयुक्त रायपुर से मिलकर , बीएसपी प्रबंधन द्वारा लागु की जा रही गलत नीतियों को संज्ञान में लाया था। जिस पर क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने आश्वासन दिया कि अगर बीएसपी प्रबंधन , अपनी गलतियों को नही सुधारती है तो यूनियन औद्योगिक विवाद दायर करेगी तो वह अवश्य न्याय करेंगे।

उसी विवाद को सुलझाने के लिए शनिवार को रुल्स, आईआर तथा पर्सनल विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त मीटिंग में मैनेजमेंट ने यूनियन पदाधिकारियों को बताया कि अधिशासी निदेशक संकार्य के समक्ष मुद्दे को लाकर मंगलवार तक प्रबंधन का रुख स्पष्ट कर दिया जायेगा।

यूनियन पदाधिकारियों ने कलस्टर प्रमोशन रोकना एक तरह से अनूचित श्रम व्यवहार बताया तथा जानबुझ कर कर्मचारियों को टारगेट करने के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनूचित श्रम व्यवहार का मुकदमा दर्ज कराने का चेतावनी भी दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि 28 अक्टुबर की हड़ताल को न तो श्रम विभाग ने तथा न ही किसी न्यायालय ने अवैध घोषित किया था। अतः उपरोक्त हड़ताल में शामिल कर्मियों को टारगेट करने तथा उनका पदोन्नति रोकने के विरुद्ध बीएकेएस हर उस फोरम पर जायेगी जहाँ कर्मचारियो को न्याय मिलेगा। साथ ही दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनफेयर लेबर प्रैक्टिस का मुकदमा भी दर्ज करेगी। प्रबंधन की तरफ से महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, विकाश चंद्रा , तुषार राय चौधरी, शालीन चौरसिया आदि उपस्थित थे। यूनियन की तरफ से अध्यक्ष अमर सिंह, उपमहासचिव नवीन ध्रुव शामिल हुए।

### न्यायालय का रास्ता अपनाएगी यूनियन

“ सेल तथा भिलाई इस्पात संयंत्र को कंपनी की पॉलिसी से संचालित करने की जगह ,कुछ अधिकारी , निजी पॉलिसी से संचालित कर रहे है। यूनियन इसके खिलाफ न्यायालय की शरण में जाने हेतु बाध्य होगी।

- अमर सिंह
अध्यक्ष , बीएकेएस भिलाई

# फ्री फायर गेम के चलते युवक की हत्या दो युवक समेत अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



- आरोपियों के पास से बाइक और हथियार किया जब्त

फ्री फायर गेम खेलने के चक्कर में हुए विवाद में दो युवक और दो अपचारी बालकों ने मिलकर धारदार चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा 103 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि 24 दिसंबर को ग्राम पांहदा अमलेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेला मंडई में ग्राम पांहदा निवासी उमेश यदु की लाश सोसायटी के सामने सड़क पर खुन से सना हुआ पड़ा मिला था। अमलेश्वर टीआई मममता अली शर्मा अपनी टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर शव परीक्षण, शॉट पीएम रिपोर्ट में होमीसाईडल उल्लेख करने से पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया। इस दौरान क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तापेश नेताम, समेत थाना प्रभारी अमलेश्वर की टीम बनाई गई। टीम को तकनीकी सहायता मिलने पर त्रिनयन एप की मदद से आस-पास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। घटना की रात 12:15 बजे बाइक से चार संदेही फुटेज में दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणो से और साइबर प्रहरी ग्रुप में संदेहीयो का फोटो वायरल कर जांच की गई।

फुटेज को ग्राम झीट में पहचान कराया गया। ग्रामीण ने लाल रंग का जैकेट, नीला जींस पहना युवक का नाम ग्राम झीट निवासी नवीन सिंघोरे के रुप में पहचान की गई। एसीसीयू टीम ने तुरंत संदेही की जानकारी जुटाकर उसे हिरासत में लिया गया। तीनों संदेहियों से पुलिस ने पूछताछ करने पर ग्राम झीट भाठापारा थाना अमलेश्वर निवासी लोचन सिंधोरे उर्फ बंटी और दो अपचारी बालक होने की जानकारी मिल पाई।

### ऐसा किया युवक की हत्या

पुलिस ने हत्या के मास्टर माइंड नवीन कुमार सिंघोरे ने पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि उमेश की हत्या चार लोगों ने मिलकर किया था। ग्राम पांहदा का मेला मड़ई था आरोपी अपनी बाइक सीजी 07 सीई 2473 में अपने दोस्तों के साथ मेला घुमने पहुंचे थे। रात को ग्राम पंचायत पांहदा के पास गांव के कुछ लोगो के साथ शराब के नशे में वाद-विवाद हुआ था। जिसके बाद चारो आरोपी अपने गांव झीट निकल गए। जहां शराब पीकर नवीन सिंधोरे अपने घर से धारदार चाकू लेकर आया। फिर चारो दोबारा बाइक पर पांहदा पहुंचे। घटना की रात 12:15 बजे सोसायटी के सामने पहुंचे। जहां दो अपचारी बालक पानी पीने के लिए बोरिंग के पास रूके। जहां नवीन उसके दोस्त लोचन उर्फ बंटी सोसायटी के सीढी में बैठा था। उमेश यदु के पास चारों आरोपी पहुंचे फ्री फायर गेम खेलने के लिए आपस में गाली गलौज करना शुरु कर दिया। तब आरोपी अपने पास रखे घारदार चाकू से उमेश यदु के छाती में प्राण घातक हमला कर दिया। आरोपी लोचन उर्फ बंटी लात मारकर उमेश यदु को नीचे गिरा दिया। इसके बाद दो अपचारी बालकों ने बाइक पर बिठाकर घटनास्थल से फरार हो गए। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने बाइक को जब्त किया है।

# भिलाई-चरोदा के राशन दुकान संचालको को आयुक्त की फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

- बैठक में आयुक्त ने 26 राशन दुकानों को दिए निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा आयुक्त डीएस सिंह ने शासकीय राशन दुकान संचालको को कड़ी फटकार लगाई है। लंबे समय से राशन दुकानों में केवाईसी की प्रक्रिया को सात दिनों के भीतरक पूर्ण करने की हिदायत दिया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में क्षेत्र के राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई केवायसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने कवायद की जा रही है। इसे लेकर 26 शासकीय राशन दुकान संचालको को निर्देश भी दिए गए है। आयुक्त डी.एस. राजपूत के द्वारा माह के भीतर तीसरी बार राशन दुकान संचालको को तलब किया। गौरतलब है कि लगभग एक लाख की आबादी वाले भिलाई चरोदा निगम क्षेत्र में बने प्रत्येक राशन कार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज परिवारजनों का ई केवायसी कार्य शासन द्वारा दिये गए। जिसकी पूर्णता के लिये राशन दुकान संचालको को क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के माध्यम से निगम आयुक्त द्वारा निर्देश प्रदान किया है। ई केवायसी के लिए शेष सदस्यों की कार्रवाई एक सप्ताह में पूरा करने को कहा गया है। बैठक में खाद्य निरीक्षक

# युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने मिलेगा मंच : ललित

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदूर में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर व दुर्ग सांसद विजय बघेल सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के मूर्ती पर पूजा अर्चना के साथ किया गया छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से मंत्रमुग्ध कर देने वाली अनुपम प्रस्तुति दिया। इस विशेष अवसर पर सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं। यह आयोजन न केवल युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का मंच है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छात्रों को उनकी शिक्षा और व्यक्तिगत विकास में मदद की है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से आप जीवन में हर चीज हासिल कर सकते हो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति लागू किया है जो भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति के माध्यम से हमारे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर जनपद सदस्य लेखन साहू सरपंच दिलीप साहू सरपंच घुघसीडीह, गोवर्धन बारले, शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान, कॉलेज विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रवीण यदु, सोसायटी समिति अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष, शीतल ठाकुर विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जसलोक साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम वर्मा, शाला परिवार से संस्था प्रमुख बीएन चौधरी, कोकिला चौधरी,पीके रात्रे ,ओपी ठाकुर, एसके सिंह, एम रथ, श्रद्धा शर्मा ज्योति पांडे कल्पना संगीता , पूजा नायर अजीत पाठक हरीश कुमार, विनय अग्रवाल कमलेश्वरी भारती आदि उपस्थित थे।

# सेलून महासंघ-सेन ने भिलाई को पृथक संगठन जिला घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

सेलून महासंघ भिलाई नगर और सर्व नाई सेन समाज भिलाई की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सेक्टर-1 आंबेडकर पार्क में संपन्न हुई। जिसमें भिलाई नगर को पृथक सामाजिक संगठन जिला का दर्जा देने की मांग की गई। इस संबंध में प्रदेश कार्यकारिणी को आवेदन दिया जा चुका है। जिस पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। बैठक में उपस्थित सामाजिकजनों ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी इस पर जल्द निर्णय ले और सामाजिकजनों की भावनाओं के अनुरूप भिलाई को जिला का दर्जा प्रदान करने की घोषणा करे।

बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने कहा कि भिलाई नगर बड़ा क्षेत्र है और विभिन्न राजनीतिक दलों का संगठन जिला है। कई प्रमुख सामाजिक जातियों का भी संगठन जिला है। इसलिए भिलाई ईकाई का चुनाव न करवा कर पहले जिला का दर्ज दिया जाए और उसके बाद चुनाव कराया जाए। बैठक में जिला के लिए दिए आवेदन पर निर्णय लेने में विलंब किए जाने पर नाराजगी जताई गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अगर प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा भिलाई को जल्द अलग जिला घोषित नहीं किया जाता है तो भिलाई नगर ईकाई स्वंय जिला घोषित कर अपने हिसाब से चुनाव की रूपरेखा तैयार करेगा। यह बैठक हरिराम सेन के सभापतित्व में संपन्न हुई।



### निदेशक प्रभारी दासगुप्ता ने प्लांट विजिट कर बढ़ाया हौसला

# बीएफ, एसएमएस व एसपी को रिकॉर्ड उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने नववर्ष के पर संयंत्र की रिकॉर्ड उत्पादन करने वाली इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3 व सिंटर प्लांट का दौरा कर कर्मियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार तथा राकेश कुमार भी उपस्थित थे।

श्री दासगुप्ता ने कहा कि इस्पात उद्योग में अग्रणी बनाए रखेगा तथा उत्पादन, स्थिरता और सुरक्षा में उत्कृष्टता के नए मानक के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। उन्होंने उत्पादन दक्षता बढ़ाने, तकनीकी-आर्थिक सूचकांकों को अनुकूलित करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। ईडी ने कहा कि सिंटर प्लांट्स ने कुल सिंटर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एसपी-2 और एसपी-3 ने सिंटर प्लांट्स के निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीजीएम अनूप कुमार दत्ता ने आभार व्यक्त किया।

### टीम वर्क से मिली उपलब्धि

बीएफ-8 ने 2,52,731 टन हॉट मेटल उत्पादन उत्पादन कर मार्च 2024 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड 2,48,862 टन को पार किया। एसएमएस-3 ने दिसम्बर माह में सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन कर राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के एसएमएस-2 द्वारा जनवरी 2024 में स्थापित 3,37,009 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठष्ठ I150 सेक्शन बिलेट्स, जो कि ऑपरेटिंग प्लान का लगभग 125 प्रतिशत था, ने इस रिकॉर्ड उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं सिंटर प्लांट-2 ने भी 2,95,437 टन उत्पादन कर कुल सिंटर उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### एमआईसी की बैठक में हाउसिंग बोर्ड को जमीन देने पर चर्चा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर निर्मल कोसरे ने एमआईसी की बैठक ली। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड की जमीन आंबटन करने को लेकर बातचीत की गई। संभावित जमीन चयन कर हाउसिंग बोर्ड को भिलाई-चरोदा में उपलब्ध कराने सहमति बन गई है। निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर ने महापौर समेत परिषद् सदस्यों को बैठक के एजेण्डे से अवगत कराया। बैठक में महापौर परिषद सदस्य मोहन साहू, दीप्ती वर्मा, देवकुमारी भलावी, एस वेकंट रमना, मनोज कुमार, संतोषी निषाद, एम जानी, ईश्वर लाल साहू समेत आयुक्त डीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सचिवालय लिपिक मुकेश यादव, जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी मौजूद थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर रविवार 5 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


04



विंटर शो की तैयारी

## लाइव इवेंट

### साइंटिस्ट डॉ. सोमेन राय आज भिलाई में, होगा व्याख्यान



**भिलाई।** स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे ने विज्ञप्ति में बताया कि देश के ख्यातिनाम वैज्ञानिक डॉ. सोमेन कुमार रॉय भिलाई के प्रवास पर हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. रॉय का बचपन भिलाई में बीता है तथा उनकी स्कूली शिक्षा भिलाई में ही हुई है। इसके पश्चात उन्होंने बीई, एमटेक, एमएससी, एमबीए और पीएचडी की है। वर्तमान में डॉ. रॉय रक्षा अनुसन्धान विकास प्रयोगशाला हैदराबाद के निदेशक के पद पर हैं। स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा 5 जनवरी को दोपहर 3 बजे स्वामी विवेकानंद भवन स्मृति नगर में डॉ. सोमेन कुमार रॉय का व्याख्यान एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित है। इसमें डॉ. रॉय छात्रों से संवाद करेंगे। उनके प्रश्नों का उत्तर भी देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय करेंगे। साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके सिंह तथा टेलीकॉम विभाग के पूर्व संचालक एसडी बिन्द विशिष्ठ अतिथि होंगे। इस अवसर पर भिलाई के प्रसिद्ध भाषाविद, अंग्रेजी के पूर्व व्याख्याता आरपी बिंदु की पुस्तक प्लेज़र ऑफ़ पैरागॉन इंग्लिश ग्रामर का विमोचन भी किया जाएगा। राजीव चौबे ने कार्यक्रम में शालेय तथा महाविद्यालयीन छात्रों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने क अपील की है।

## सिटी इवेंट

### वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जमाया रंग



**भिलाई।** सरस्वती विहार इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल हाउसिंग बोर्ड में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। 34 वें वार्षिकोत्सव में शाला के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप चटर्जी उपस्थित थे। स्वागत गीत और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य मिठु चंदा ने स्कूल की उपलब्धि बताए, वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष छबिनाथ सिंह, उपाध्यक्ष बीके दत्ता ने शाला की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चो को पुरस्कृत किया। नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने अपने डांस से मनमोहा। इस अवसर पर कोस्टर रोलर नृत्य, भांगड़ा, छत्तीसगढ़ी नृत्य, राष्ट्रीय एकता पर नृत्य, गणेश वंदना की प्रस्तुति बच्चों ने दी। डॉ. चटर्जी ने बच्चो से खूब पढ़ने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि देश को कभी मत भूलिए। देश का सम्मान करें। अपने जीवन में चार चीजें याद रखें। गौ माता, घर की माता, गंगा माता और धरती माता को कभी न भूलिए। इस अवसर पर विजय चौधरी, शम्भू नाथ साहा, अजय केडिया, सीए विश्वनाथन, शैल तिवारी, रामजी साहू, गिरिजा शंकर सिंह, पार्षद नोहर वर्मा, दिनेश पुरवार सहित अन्य मौजूद थे।

- हाउसिंग बोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल में समारोह, चिकित्सक डॉ. दीप चटर्जी थे मुख्य अतिथि

### सावित्री बाई फुले की जयंती पर संगोष्ठी, उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लता गेडाम, रेशमा आनंद, सविता बौद्ध और सविता मेश्राम प्रमुख रूप से मौजूद थे। संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने किया। अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ। देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थीं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और साक्षरता के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के हित में कई नए रास्ते बनाए। उन्होंने अपने जीवन भर अस्पृश्यता, सती प्रथा, बाल विवाह और शिक्षा प्रणाली में सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। महात्मा जोतिबा फूले के साथ सन 1840 में शादी हुई। सन 1848 में पहला स्कूल खोला और शिक्षिका बनी। उन्होंने सामाजिक बुराइयों, समाज में व्याप्त कुरितियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा जोर दिया। उन्हें उस दौर की पहली मराठी कवि के रूपमें भी प्रसिद्धि मिली। सभी ने उनके जयंती पर बधाई एवं मंगलकामनाए दी। 10 मार्च 1897 में 66 वर्ष के आयु में उनका निधन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में अशोक शामकुंवर, देवानंद मेश्राम, मूलचन्द गड़पायले, भागवत बागडे, ज्ञानचंद टेम्भुरकर, आई रामटेके, प्रितेश पाटिल, डीपी भोईर, वसंत नंदेश्वर, प्रदीप सोमकुवर, सुधाकर फुलमाली, कमलराज मेश्राम, केशर रामटेके, सुनंदा गजभिये, करुणा खोब्रागडे, शालू दामले सहित अन्य मौजूद थे।

- धार्मिक नगरी दुर्ग से निकली सबसे बड़ी और ऐतिहासिक निशान ध्वज यात्रा, 1100 से ज्यादा लोग हुए शामिल

# दुर्गा मंदिर से निकली निशान ध्वज यात्रा का जगह-जगह स्वागत, आतिशबाजी के बीच फूलों की बारिश ने मनमोहा

छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग से पहली बार शनिवार को प्रदेश की सबसे बड़ी निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें 1100 खाटू श्याम भक्तों ने शिरकत की। निशान यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। निशान यात्रा सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कादम्बरी नगर स्थित श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के पहले दुर्गा मंदिर सत्ती चौरा में बाबा श्याम की ज्योत ली गई। पूजा अर्चना करके श्याम बाबा की महाआरती की गई। भक्तों ने 7 किलोमीटर से ज्यादा का सफर पैदल तय किया।





**दुर्ग ।** निशान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। आयोजन समिति के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्घालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए। निशान रुपी ध्वज बाबा शयाम को चढ़ाया गया। ध्वज यात्रा के लिए फूलों की वर्षा की गई। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, गुलाबी, पीले ध्वज निशान लेकर शामिल हुए। बंटी शर्मा ने बताया कि लगभग 1100 धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा जोकि लगभग 500 मीटर लंबी थी, यात्रा दुर्गा मंदिर से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, सदर बाजार, मोती काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्किट, स्टेशन रोड, धमधा ओवर ब्रिज के ऊपर से कादम्बरी नगर श्री श्याम मंदिर पहुंची, जहां बाबा की नजर उतार कर स्वागत किया गया। निशान यात्रा में अरुण वोरा, रामफल शर्मा, अशोक राठी, पायल जैन, देवनारायण चंद्राकर, नारायण खेतान, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### श्याम बाबा की आकर्षक झांकी निशान यात्रा में रही शामिल

पदयात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह है कि श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान कृष्ण को दे दिया था। उन्हें प्रसन्न करने निशान छोटे से बड़े मुख्यत केसरी नीला, सफेद, लाल या पीले रंग का झंडा निशानों पर श्याम बाबा और कृष्ण भगवान के जयकारे और दर्शन के फोटो लगाते हैं। वही कुछ निशानों पर नारियल और मोरपंख भी लगाया जाता है। इससे श्याम सरकार सभी के हर बिगड़े कार्य बना देते हैं। भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नाते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं।



# ट्विनसिटी में पहली बार महिलाओं के वेटलॉस कॉम्पिटिशन, विजेता आज होंगी सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई में पहली बार महिलाओं के लिए वजन कम करने को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग-भिलाई की 100 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। 6 हफ्ते में कम किए गए वजन के आधार पर प्रथम तीन महिलाओं का चयन किया जाएगा। इसके आधार पर उन्हें 5 जनवरी को रिसाली स्थित समायरा इन (छाया गार्डन) में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में बीएसपी के डायरेक्टर डॉ. प्रमोद विनायके मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। फिटनेस पैशन ग्रुप के डायरेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि वेट लॉस से जुड़ी जरूरी जानकारियों को लेकर लोगों को अवेयर करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। दुर्ग-भिलाई में अपने तरह का पहला आयोजन रहा। हमारा उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सामान्य तौर पर लोग वेटलॉस तो करते हैं, लेकिन बरती जानी वाली सावधानियों की अनदेखी करते हैं। इससे शरीर के मिनरल्स और विटामिन की कमी आ जाती है। इससे शरीर को काफी नुकसान होता है। वेटलॉस एक प्रोसेस है, इससे जानना जरूरी है। इस उद्देश्य को लेकर यह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। इसमें हमने 6 हफ्ते पहले महिलाओं के वजन लिए। इसके बाद 6 महीने बाद वजन लिया। इसके अलावा एक जरूरी टेस्ट भी किया, जिससे यह पता चलता है कि कितना प्रतिशत तक वेटलॉस हुआ। इसके आधार पर प्रतिभागियों की मार्किंग की गई। 5 जनवरी को शाम 5 बजे इन्हीं प्रतिभागियों में से किसी एक को पुरस्कृत किया जाएगा।



# जिले में होने वाली गौ विज्ञान परीक्षा स्थगित, अब 10 जनवरी को होगी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा 4 जनवरी यानी शनिवार को आयोजित होने वाली गौ विज्ञान परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अब परीक्षा 10 जनवरी को निर्धारित केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन शासन के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए 10 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। पूर्व में परीक्षा की तारीख 4 जनवरी को घोषित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से बदला गया है। अब परीक्षा 10 जनवरी को होगी। शिक्षा विभाग की सहायक संचालक और प्रभारी डीईओ सीमा नायक ने बताया कि स्कूलों को सूचना भेज दी गई है, ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो। परीक्षा दो चरणों में होने है। परीक्षा में कॉलेज के स्टूडेंट्स भी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तर पर आयोजित की जानी है। तीन ग्रुप बनाए गए हैं। इसमें ग्रुप ए में कक्षा 6 से 8वीं, ग्रुप बी में कक्षा 9वीं से 12वीं, ग्रुप सी महाविद्यालीन स्तर तय हैं। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता के विजेता को प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 31 हजार, तृतीय 21 हजार, जिला स्तर पर प्रथम 5100, द्वितीय 3100 और तृतीय 1100 रुपए प्रदान किया जाएगा। द्वितीय चरण की परीक्षा 11 से 19 जनवरी के मध्य आयोजित है। वर्तमान में 4 जनवरी की निर्धारित तिथि में परिवर्तन की वजह से 11 से 19 जनवरी की तिथि में परिवर्तन की संभावना बनी हुई है। इसे लेकर आगामी दिनों में जानकारी दी जाएगी।

## कार्नर न्यूज

2025 में ग्रह गोचर : मीन, कुंभ, मेष, सिंह और धनु राशि वालों को शनि प्रभावित करेगा

# इस साल पड़ेंगे 4 ग्रहण, देश में 7-8 सितंबर को खग्रास चंद्रग्रहण, शनि, गुरु, राहु और केतु करेंगे राशि परिवर्तन

**भिलाई।** वर्ष 2025 में 4 ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इस साल पहला राशि परिवर्तन 29 मार्च को न्याय के देवता शनि का होगा, जो कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। दूसरा परिवर्तन देव गुरु बृहस्पति करेंगे, जो 14 को वृष राशि को छोड़कर मिथुन में प्रवेश गे। तीसरा राशि परिवर्तन 18 मई को राहु व केतु करेंगे। राहु ग्रह मीन राशि को छोड़कर अपनी मित्र राशि कुंभ में चले जाएंगे और केतु कन्या राशि को छोड़कर सिंह में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद देव गुरु अतिचारी होकर 18 अक्टूबर को मिथुन राशि को छोड़कर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। वहीं, आगे बृहस्पति वक्री होकर 5 दिसम्बर को मिथुन राशि में फिर से प्रवेश कर जाएंगे। ज्योतिषाचार्य और भगवताचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि मीन राशि में शनि के प्रवेश से कुंभ राशि वाले जातकों को उतरती साढे साती रहेगी। वहीं, मीन राशि को मध्यकालीन साढ़े साती और मेष राशि पर साढ़े साती प्रारंभ होगी। इसी प्रकार सिंह व धनु राशि को शनि ढैया प्रारंभ होगी। इन पांचों राशियों वालों को शनि प्रभावित करेगा।

### 14 जनवरी मक्रर संक्रांति से प्रारंभ होंगे पर्व, 30 मार्च से विक्रम संवत

न्यू आदर्श नगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि मकर संक्रांति से प्रारंभ होने वाले विभिन्न पर्व व उत्सव इस वर्ष में अत्यधिक उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाए जाने के संकेत हैं। वहीं, 30 मार्च से शुरू होने वाला विक्रम संवत 2082 व्यापारियों, कृषकों एवं श्रमिकों के लिए अत्यंत शुभदायक रहेगा।इस साल चार ग्रहण रहेंगे, जिसमें से भारत में 7-8 सितंबर को होने वाला चंद्र ग्रहण ही भारत में दिखाई देगा। जिसका सूतक 9 घंटे पहले से शुरू होगा। भारतीय समयानुसार यह खग्रास चंद्रग्रहण इस दिन सुबह 10 बजकर 40 मिनट से दोपहर 2 बजकर 18 मिनट के मध्य दिखाई देगा। यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक मान्य नहीं रहेगा। उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों में दिखाई देगा।

### खंडग्रास और खग्रास सूर्य, चंद्रग्रहण कब-कब दिखेंगे

पं. पांडेय ने बताया कि खंड ग्रास सूर्य ग्रहण 29 मार्च भारतीय समयानुसार दिखेगा। 29 मार्च को दोपहर 2 बजकर 21 मिनट से शाम को 6 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। यह भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए सूतक मान्य नहीं है। खग्रास चंद्रग्रहण भारतीय समयानुसार 7 सितम्बर को रात 9 बजकर 57 मिनट से 8 सितम्बर को रात्रि 1 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत सहित कई देशों में दिखाई देगा। इस ग्रहण का सूतक 7 सितम्बर को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से प्रारंभ होगा। खंड ग्रास सूर्य ग्रहण 21-22 सितंबर को भारतीय समयानुसार 21 सितम्बर को रात्रि 11 बजे से 22 सितम्बर को रात 3 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। यह सूर्य ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक नहीं लगेगा।



### ग्रहण के दौरान शास्त्रों में बताए गए संस्कार

ग्रहण के दौरान भोजन नहीं करना चाहिए। घर में भोजन नहीं पकाना चाहिए, नुकीली चीज़ों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सोना नहीं चाहिए। ग्रहण के दौरान श्मशान और नकारात्मक जगहों पर नहीं जाना चाहिए। बालों में कंघा नहीं करना चाहिए। ग्रहण के दौरान गायों को घास, पक्षियों को अन्न, जरुरतमन्दों को वस्त्र दान करना चाहिए। ग्रहण के बाद स्नान-ध्यान करें। ग्रहण के बाद विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें। ग्रहण के बाद अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दान करें। इससे ग्रहण का दूषित प्रभाव नष्ट होता है। राशियों पर पड़ने वाले प्रभाव का भी असर कम होता है।

## सिटी इवेंट

# एसएमएस-3 विभाग में 16 सुरक्षा मित्र हुए सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग सुरक्षा के क्षेत्र में अपने प्रयासों के लिए सदैव अग्रणी रहा है। इसी कड़ी में एसएमएस-3 के सुरक्षा मित्र बन कर विभिन्न प्रयासों से विभाग को सुरक्षित बनाने वाले एसोसिएट के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस स्कीम के तहत एसएमएस 3 के 670 सुरक्षा मित्रों को सम्मानित किया गया। सांकेतिक रूप से विभिन्न एसोसिएट्स के 16 सुरक्षा मित्र को सेलम स्टील प्लांट के स्टेनलेस स्टील के उपहार से सम्मानित किया गया। इन सुरक्षा मित्रों का चयन विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस-3 प्रमोद कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें काम के दौरान होने वाली विभिन्न सामान्य छोटी गलतियों में आने वाले अवलोकनों में सुधार करने व अन्य साथियों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग को उत्पादन सहित हर क्षेत्र में अग्रणी होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक महाप्रबंधक सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग मृदुल श्रीवास्तव ने एसएमएस-3 के सुरक्षा संबंधी प्रयासों की सराहना की। बीएसपी में इस स्कीम को लागू करवाने में एसएमएस-3 उप प्रबंधक पुष्पा गढ़े का विशेष योगदान रहा। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग प्रथम विभाग है, जहां इस स्कीम को लागू किया गया है। कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी व महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोज़ व कनिष्ठ प्रबंधक नीलकंठ साहू ने किया।

- विभिन्न प्रतियोगिताओं से बने विजेता

## सिटी लाइव

# पेंशन कोई एहसान नहीं, ये पिछली सेवाओं का भुगतान, हुआ सम्मान



**दुर्ग।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की दुर्ग जिला शाखा द्वारा हीरक जयंती पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जीवन के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पांच वरिष्ठ का सम्मान केशरी नन्दन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर, दुर्ग में किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों में गजानन्द वर्मा, कुंवर सिंह सिन्हा, घनश्याम सोनी, सेवाराम दिल्लीवार एवं राजेन्द्र कुमार तिवारी का शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष बी.के.वर्मा, सचिव पी.आर.साहू और उच्च शिक्षा प्रभारी प्रो.महेश चन्द्र शर्मा ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने ज्ञानवृद्ध, विवेक वृद्ध, अनुभव वृद्ध और वयोवृद्ध को महत्वपूर्ण बताया। समाज में वरिष्ठ नागरिकों की महत्ता को भी रेखांकित किया। अध्यक्ष बी.के.वर्मा ने पांचों सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के रिटायर्ड अधिकारी डी.एस.नाकरा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाया था कि पेंशन नियोक्ता की इच्छा पर आधारित कोई कृपा या अनुग्रह नहीं है। यह तो अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गयी पिछली सेवाओं का भुगतान है। कार्यक्रम का संचालन बी.के.शर्मा ने किया। इस अवसर पर पी एन साहू, एनके देशमुख, बी आर साहू, जगमोहन सिन्हा, पी एस बघेल एवं डी पी दिल्लीवार समेत बड़ी संख्या में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

## हेल्थ इवेंट

# निमोनिया से जूझ रहे गंभीर मरीज की एक्मों तकनीक से बचाई जान



**भिलाई।** फेफड़ों व सांस की बिमारियों से संबंधित उन्नत चिकित्सा तकनीकों और जीवनरक्षक उपायों पर विशेषज्ञ डाक्टर्स ने एक्मों और फेफड़ों का प्रत्यारोपण विषयों पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। यशोदा हॉस्पिटल, हैदराबाद सोमाजीगुड़ा द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान उन्नत चिकित्सा तकनीकों और जीवनरक्षक उपायों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर गंभीर निमोनिया से जूझ रहे एक मरीज की प्रेरक कहानी खुद मरीज ने स्वस्थ होकर बताया कि उनकी स्थिति अत्यधिक गंभीर थी, लेकिन उसे एक्मों (एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनेशन) तकनीक की मदद से सफलतापूर्वक बचा लिया गया। यह घटना चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है और उन्नत उपचार पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करती है। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट और फेफड़ों के प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विश्वेशरन बालासुब्रमण्यम उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. बालासुब्रमण्यम ने उन्नत फेफड़ों के उपचार, एक्मों तकनीक की भूमिका और जीवनरक्षक उपायों के बारे में अपने गहन विचार साझा किये।

साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी प्रदान करते हुए मरीज के सफल उपचार की प्रेरक कहानी को भी उजागर किया।

● चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव का समापन, आज होगी मंत्र दीक्षा

# जीवन में माता-पिता का आशीर्वाद जरूरी, बहादुरों की तरह जिएं जिंदगी न कि कायरों की तरह: सुधांशु महाराज

**भिलाई।** जीवन में सबसे पहले गुरु माता-पिता और दूसरा गुरु सद्गुरु को कहा गया है। अपने माता और पिता को भरपूर सम्मान दें और उनका ध्यान रखें। परिवार में माता-पिता सहित सभी बड़े बुजुर्गो का ख्याल रखने वाले घरों में पितरों की असीम कृपा होती है। बुजुर्गो का आर्शिवाद लेकर बहादुरों की जिंदगी जिये न कि कायरों की तरह। जीवन जीने की कला सिखाते हुए यह गूढ़ बातें सुधांशु महाराज ने शनिवार को सत्संग को दौरान कही। विश्व जागृति मिशन भिलाई-दुर्ग मंडल द्वारा जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर में आयोजित चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को सुधांशु महाराज ने परिवार के बुजुर्गो को देव स्वरुप बताया। शाम के सत्र में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने व्यास पीठ पर प्रवचनकर्ता सुधांशु महाराज का आर्शीवाद लिया। प्रवचन के तीसरे दिन भी कड़कड़ाती ठंड के बीच लोग कथा सुनने उमड़ पड़े। उनके बैठने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है।

विश्व जागृति मिशन भिलाई दुर्ग मण्डल द्वारा विगत दो दिनों से जयंती स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव के तीसरे दिन सुधांशु महाराज का मंच पर स्वागत और अभिनन्दन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।





### आज दी जाएगी मंत्र दीक्षा

कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन और समाजसेवी चतुर्भुज राठी ने सुधांशु महाराज के सत्संग का लाभ लेकर आशीर्वाद लिया। विश्व जागृति मिशन भिलाई-दुर्ग मण्डल के महामंत्री जय शंकर अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने सुधांशु महाराज को राज्य अतिथि से नवाजा है, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह सत्र के बाद बड़ी संख्या में गुरु मंत्र दीक्षा महाराज द्वारा दी जाएगी और शाम के सत्र के साथ चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव का समापन होगा।

### गुरु के प्रति रहे समर्पित सुधांशु महाराज



सत्संग के दौरान सुधांशु महाराज ने कहा कि पहले गुरु माता और पिता लेकिन दूसरा गुरु सद्गुरु को कहा गया है। जीवन में अनुशासन से रहना सभी को आना चाहिए, गुरु का होकर समर्पण करें। हर दिन गुरु के अमृत वचनों को सुनकर अपने जीवन को जागृत करें, समाज के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि बहादुरों की जिंदगी जिएं, न कि कायरों की तरह। सुधांशु महाराज ने कहा कि अपने माता और पिता को भरपूर सम्मान दें और उनका ध्यान रखें। माता-पिता को ख्याल रखने वाले घरों में पितरों की असीम कृपा होती है।



## ट्रैफिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान

# गांव के मड़ई मेले में पहुंचकर दी ट्रैफिक की जानकारी, किया जागरूक



**भिलाई।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने ग्राम जामगांव आर में मंडई मेला में पहुंचकर ग्रामीणों को ट्रैफिक को लेकर जागरुक किया। किस छोटी-चोटी गलतियों से लोग हादसे का शिकार होते है। ट्रैफिक एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार लोगों का जागरुक किया जा रहा है। इसके अलावा सहायक उप निरीक्षक राजमणी सिंह आरक्षक हीरा मरकाम,द्रोण साहू ने हेलमेट की उपयोगिता को लेकर जानकारी दी। सड़क हादसे का शिकार होते है तो हेलमेट उन्हें गंभीर घायल होने से बचाता है। शराब पीकर वाहन नहीं चलाना चाहिए, दो पहिया वाहन तीन सवारी चलने के लिए नहीं बना उसे दो सवारी के अनुरूप बनाया गया है। नाबालिक को वाहन चलाने न दे, वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का नियमों का पालन करें। स्वयं सुरक्षित रहे और सामने वाले को भी परिवहन करने दे। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से शहर पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं को हेलमेट वितरण भी किया। इस दौरान थाना जामगांव आर से उप निरीक्षक दरबारी राम तारम, प्रधान आरक्षक सतीश देशलहरा, सरंपच राजकुमार ठाकुर मौजूद थे।

### सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में विनोद बने ज्यूरी सदस्य



**भिलाई।** सीनियर नेशनल वॉलीबॉल पुरूष एवं महिला चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 13 जनवरी तक सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, राजस्थान में किया जा रहा है। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तदर्थ समिति ने इस चैंपियनशिप के सुचारू संचालन के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया है, जिसमें देश के कई राज्यों के खिलाड़ियों को ज्यूरी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस आयोजन समिति में भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के एनफोर्समेंट में कार्यरत प्रतिभाशाली खिलाड़ी विनोद नायर का चयन ज्यूरी सदस्य के रूप में किया गया है। नगर सेवाएं विभाग के एनफोर्समेंट में कार्यरत विनोद एनआईएस वॉलीबॉल कोच रहे है साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल व नेशनल प्रतियोगिताओं में रेफ्री के रूप में योगदान देकर भिलाई को गौरवान्वित किया है। श्री नायर को उनकी इस उपलब्धि के लिए भिलाई के खेल बिरादरी ने बधाई दी है।

## पूरे सप्ताह चलेगी आयोजनों की श्रृंखला

# 43वें वार्षिकोत्सव में आज से होंगे खेलकूद व विभिन्न गतिविधियां

**दुर्ग।** श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग द्वारा 5 से 12 जनवरी तक पूरे सप्ताह आयोजनों की विभिन्न श्रृंखला का समावेश करते हुए 43वाँ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सहयोगी संगठन माहेश्वरी महिला मण्डल व माहेश्वरी युवा संगठन का विशेष योगदान रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक राकेश चाण्डक, सहसंयोजक उदित राठी, भाग्यश्री राठी, उर्वशी गाँधी है। रविवार से शुरु होने वाले आयोजन में आज सुबह 9 बजे से मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर दुर्ग में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष छग प्रादेशिक युवा संगठन सीए आयुष टावरी होंगे। सप्ताहभर चलने वाले इस आयोजन का समापन 12 जनवरी को शाम 4 बजे पंचवटी मैरिज पैलेस में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्नेह सम्मेलन संगम का आयोजन किया जाएगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त मंत्री मध्यांचल अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा दिनेश राठी नागपुर व विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा सुरेश मूंधड़ा रायपुर होंगे।

आज से शुरु होंगे विभिन्न आयोजन,,,,

आज केजी 1 से कक्षा 2, कक्षा 3 से कक्षा 10 से ऊपर, 16 वर्ष से ऊपर विभिन्न श्रेणियों में अलग अलग खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसके अंतर्गत 100 मीटर दौड़, निम्बू दौड़, बोरा दौड़, बनाना रेस, रिले रेस, स्लो बाइक, स्लो स्कूटी, क्रिकेट की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। शाम 7.30 बजे महेश कॉलोनी में आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा। जहां पर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल डेकोरेशन, लक्की स्टॉल, थीम आधारित स्टॉल पर पुरस्कार दिए जाएंगे।

6 जनवरी को रात 8 बजे रामायण के पात्र पर आधारित चरित्र चित्रण, 7 जनवरी को दोपहर 1 बजे से सिंगल व डबल श्रेणी में कैरम प्रतियोगिता होगी, रात 8 बजे फनी डायलॉग पर आधारित प्रतियोगिता, 8 जनवरी को सुबह 11 से 4 बजे तक तारा स्पोर्ट्स एरीना, न्यू आदर्श नगर दुर्ग में 14 वर्ष से ऊपर पुरुष व महिला वर्ग के लिए अलग अलग समूह में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रात 8 बजे से चक्रव्यूह प्रतियोगिता, 9 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 14 वर्ष से ऊपर युवक व युवतियों के लिए अलग अलग समूह में शतरंज प्रतियोगिता, 9 जनवरी रात 8 बजे अंताक्षरी प्रतियोगिता, 10 जनवरी रात 8 बजे हाउजी, 11 जनवरी को वॉक, टॉक एन्ड रिलैक्स कार्यक्रम बायो डायवर्सिटी पार्क हुडको में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुबह की सैर, योगा, सामाजिक चर्चा जैसी गतिविधि होंगी।

43वें वार्षिकोत्सव के इस साप्ताहित आयोजन के लिए विभिन्न समितियां भी बनाई गई है जिसमें सभी को विभिन्न जिम्मेंदारी दी गई है। माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अध्यक्ष अशोक राठी, सचिव डॉ शंकरलाल दम्माणी, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष नीतू गांधी, सचिव अंजली लखोटिया, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष निखिल भूतड़ा, सचिव वर्तिका गांधी

सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने निरंतर परिश्रम कर रहे हैं।

**श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग का आज से शुरु होगा कार्यक्रम, 12 को समापन**

## - इंजीनियरिंग की शिक्षा ने दी कामयाबी, पुराने दिनों को किया याद

# एलुमनी मीट में मिले इंजीनियरिंग छात्र, भिलाई से पढ़ाई कर लंदन, अमरीका और जर्मनी में संवारा कॅरियर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** एजुकेशन हब भिलाई को यह तमगा दिलाने में इंजीनियरिंग का सबसे अहम किरदार है। यह इंजीनियरिंग ही है, जिसने भिलाई को देश और दुनिया में मशहूर किया। माइक्रोसॉफ्ट से लेकर गूगल तक हमारे छात्रों ने पहुंच बनाई। रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की शुरुआत से अब तक हजारों इंजीनियर्स की फौज दुनिया के हर प्रमुख शहर में मौजूद विश्व विख्यात मल्टीनेशनल कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसी कड़ी में कॉलेज की शोहरत दोगुनी हो गई जब साल 2000-2004 बैच के एलुमनी छात्र कॉलेज पहुंचे। इंजीनियरिंग का यह सेकंड बैच अब लंदन, अमरीका, जर्मनी, न्यूयार्क जैसे शहरों से अपने कॉलेज के दिनों को याद करने दोबारा भिलाई आया। इसमें से छात्र रहे सिताराम पानसे आज जर्मनी में मर्सिडीज बैंज के सीआईओ हैं तो वहीं कवल जीत सिंह बरार ने लंदन की सेपियंस सिस्टम कंपनी में आला पद हासिल किया है। आशुतोष अग्रवाल भी 6ई टेक्नोलॉजी के इंडिया हैड का पद संभाल रहे हैं। कुणाल बिनेस इंफोसिस में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। इनकी तरह दर्जनों नाम और भी हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि भिलाई से मिली शिक्षा ने उन्हें कामयाबी के ताज पहनाए हैं।



### कॉलेज में बिताए दिनों को किया याद

इस एलुमनी ग्रुप ने कॉलेज पहुंचकर सबसे पहले अपनी कक्षाओं का रुख किया और क्लासरूम में बिताई यादों को यादकर भावुक हुए। सभी ने अपने पुराने टीचर्स को याद किया। कॉलेज की कैंटीन से लेकर प्रयोगशालाओं की खट्टी-मीठी यादों को दोबारा जीवंत किया। एग्जाम के समय में होने वाली पढ़ाई और हॉस्टल लाइफ भी एक बार फिर सभी ने शेयर की।हाल ही में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस ने रूंगटा आर-1 समूह को अपने प्रायोरिटी कॉलेज के दर्जे से नवाजा है। यही नहीं भारत सरकार के सूचना मंत्रालय के अनिधस्थ नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) ने भी रूंगटा आर-1 समूह के विद्यार्थियों की काबिलियत को और भी बढ़ाने एमओयू किए हैं।

### हर एक छात्र को हीरे सा तराशा



साल 1999 में शुरू हुए इंजीनियरिंग कॉलेज से अपने कैंपस प्लेसमेंट को लेकर ही सबसे अधिक शोहरत पाई है। साल 2004 में जिस स्तर से विद्यार्थियों के कैंपस प्लेसमेंट का आगाज किया गया था, वह कभी कम नहीं हुआ, बल्कि हर साल दोगुना होता चला गया। कॉलेज ने सामान्य छात्रों को ऐसा तराशा की अमेजन और अमरीकी चेन वॉलमॉर्ट जैसे वर्ल्ड क्लास समूहों ने रूंगटा के छात्रों को हाथों-हाथ लिया। 45 लाख रुपए सालाना के पैकेज पर विद्यार्थी हायर किए गए। कंप्यूटर लैब में महारत हासिल कर दुनिया के शीर्ष पायदानों पर खड़ी कंपनियों में अपनी जगह बनाई। यह दौर आज भी ऐसा ही बना हुआ है। 150 से अधिक मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ टाइअप के जरिए रूंगटा आर-1 ग्रुप हर साल सभी ब्रांच के एक-एक विद्यार्थी को नौकरी तक पहुंचा रहा है। न्यूनतम 6 लाख से शुरुआत होकर कैंपस प्लेसमेंट 45 लाख तक पहुंच रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर नेशनल ऑर्बिटर बनने आज परीक्षा देंगे शतरंज के माहिर



**रायपुर।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ को सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार एवं एग्जामिनेशन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। जिसके तहत होटल ग्रैंड इंपीरिया में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर सेमिनार व एग्जाम का उद्घाटन शनिवार को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के कोषाध्यक्ष,दक्षिण एशियाई शतरंज कौंसिल के अध्यक्ष, इंटरनेशनल आर्बिटर व फिडे लेक्चरर धर्मेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने की। इस दौरान विशेष अतिथि इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया, विशेष सहयोगी अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगडे व अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अनीस अंसारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि धर्मेंद कुमार ने इस सेमिनार को विश्व स्तर का बताते हुए आयोजन के लिए प्रदेश शतरंज संघ की सराहना की तथा भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त सेमिनार का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर के योग्य निर्णायक तैयार करना है जो अपने राज्य में आयोजित प्रतियोगिताओ का सुचारू व उत्कृष्ट ढंग से संपादित कर सके।

4 एवं 5 जनवरी को जारी दो दिवसीय सेमिनार में 4 राज्यों आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश,झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के 52 प्रतिभागी भाग ले रहे है। जिसमें 12 महिला प्रतिभागी शामिल है। उक्त सेमिनार में फिडे लॉ ऑफ चेस, कामपीटीशन रूल , रेटिंग रेगुलेशन व कैलकुलेशन, टाइब्रेक रेगुलेशन, आर्बिटर टाइटल रेगुलेशन, टूर्नामेंट सिस्टम , स्विस पेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद 5 जनवरी को 2 बजे से आर्बिटर एग्जाम का आयोजन किया जाएगा। जो प्रतिभागी एग्जाम को उत्तीर्ण करेंगे उसे सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का टाइटल प्रदान किया जाएगा। सेमिनार में अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव शशांक शेंडे/ बस्तर/ ईश्वर सिंह राजपूत/ दुर्ग/ सुबोध कुमार सिंह/मुंगेली/ नवीन शुक्ला सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ, सीनियर नेशनल ऑर्बिटर, हर्ष शर्मा, शुभम बसोंने,अनिल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश शतरंज संघ सचिव विकास शर्मा ने किया।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन आज



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं रायपुर डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक बूढ़ेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब में किया जा रहा है। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि दक्षिण विधान सभा रायपुर के विधायक सुनील सोनी ने किया। विशेष अतिथि नगर निगम रायपुर पार्षद कामिनी देवांगन, सरपंच पाटन श्रवण ठाकुर, किशोर महानंद महामंत्री बीजेपी और रूपेश राहंगडाले बीजेपी नेता ने किया। प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोक सभा रायपुर, विशेष अतिथि संजय शर्मा वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी, जैतू साव मठ के अध्यक्ष रेवाराम यदु दत्तात्रेय मंदिर के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला एवं वरिष्ठ बॉडी बिल्डर कांग्रेस नेता दिलीप सिंह चौहान होंगे।

### नेशनल पिकलबाल में छत्तीसगढ़ की सुहानी ने जीता दोहरा खिताब





**रायपुर।** ऑल इंडिया पिकलबाल एसोसिएशन के तत्वाधान मे पिकलबाल एसोसिएशन ऑफ़ ओडिशा द्वारा आरवायपी नेशनल पिकलबाल रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया जा रहा है। दस लाख इनामी राशि की प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ की सुहानी पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 16 सिंगल के फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मे सुहानी ने महाराष्ट्र की अंजलि पाल को 15-10 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। इससे पूर्व सुहानी ने अंडर-18 सिंगल्स मे भी कांस्य पदक जीता। राज्य ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया एवं स्टेट पिकलबाल एसोसिएशन के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियो को बधाई दी है।

हर साल जनवरी में मनाया जाता है 'थायराइड जागरूकता माह'

# थायराइड की दवाई ले रहे हैं तो बरतें सावधानी सही तरीका और समय का भी रखना होगा ध्यान

अनियमित दिनचर्या और तनावपूर्ण जीवन शैली के चलते थायराइड की समस्या आजकल आम हो चुकी है। देखा जाए तो दिन पर दिन जितनी अधिक मेडिकल सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं, वहीं थायराइड से पीड़ित लोगों की दवाइयों के सेवन पर निर्भरता भी बढ़ती जा रही है।

दरअसल, इसकी वजह थायराइड के संबंध में सही जानकारी का अभाव है। असल में लोग या तो सही समय पर थायराइड की समस्या की पहचान नहीं कर पाते हैं या फिर दवाईयों के सेवन को लेकर लापरवाही बरतते हैं। नतीजन उन्हें इन दवाईयों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में थायराइड के बारे में लोगों में जागरूकता बेहद जरूरी है। थायराइड के दवाईयों के सेवन से जुड़ी कुछ सावधानियों के बारे में आपको जानना जरूरी है ताकि आप इन गलतियों से बच सकें। गौरतलब है कि हर साल जनवरी का महीना 'थायराइड जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है। इस बार भी जनवरी में 'थायराइड जागरूकता माह' के तहत, थायराइड को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिशा में जानिए थायराइड की दवा लेने के सही समय और सही तरीका।



### कैसे काम करती है थायराइड की दवा?

थायराइड की दवाई को लेकर जुड़ी सावधानियों को जानने से पहले आपको ये जानना चाहिए कि यह किस तरह से काम करती है। आपको बता दें कि थायराइड एक तरह से एक हार्मोनल असंतुलन की स्थिति है, जिसमें गले में मौजूद थायराइड ग्लैंड से थायराइड हार्मोन का अनियंत्रित स्त्राव होता है। इस स्थिति में या तो थायराइड हार्मोन का स्त्राव कम हो जाता है या बढ़ जाता है। वहीं इस हार्मोनल बदलाव का हमारी सेहत पर नकारात्मक असर होता है, जिसके कारण थकान और अनियंत्रित वजन की समस्या पेश आती है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर थायराइड हार्मोन को संतुलित करने के लिए दवा की सलाह देते हैं। यह दवा आपके शरीर में थायराइड हार्मोन को संतुलित करने का काम करती है, जिससे आप थायराइड हार्मोन के असंतुलन से होने वाले दुष्प्रभावों से बच सकें। गौरतलब है कि थायराइड के रोगी को यह दवा हर रोज लेनी होती है, ताकि पूरी तरह से थायराइड हार्मोन के असंतुलन पर नियंत्रण पाया जा सके। अब उन सावधानियों के बारे में जान लेते हैं, जो इस दवा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जरूरी है।

### दवा की डोज का खास ध्यान रखें

थायराइड के रोगी को नियमित अंतराल पर अपनी थायराइड की जांच करानी चाहिए और उसके अनुसार ही डॉक्टर की सलाह पर दवा की डोज लेनी चाहिए। दरअसल, डॉक्टर आपके शरीर में थायराइड के स्तर को ध्यान में रखते हुए डोज निर्धारित करते हैं। इसलिए खुद से दवा की डोज कभी निर्धारित न करें।

### दवा के सेवन के समय का ध्यान रखें

थायराइड की दवा से जुड़ी सबसे बड़ी सावधानी इसके सेवन के समय का ध्यान रखना है। दरअसल, थायराइड की दवा सुबह के वक्त खाली पेट खाने की सलाह दी जाती है ताकि ये बॉडी में अच्छी तरह से अब्जॉर्ब हो सके।

### दवा लेने के बाद आधे घंटे तक कुछ न खाएं



थायराइड की दवा लेते इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए इस दवा के सेवन के आधे घंटे बाद तक आप कुछ न खाएं। दवा के सेवन के आधे घंटे बाद ही आप चाय या नाश्ता ले सकते हैं।

### चाय या कॉफी के साथ इसका सेवन न करें

इसके साथ ही ध्यान रहे कि थायराइड की दवा का सेवन हमेशा सादे पानी के साथ करना चाहिए। थायराइड की दवा को कभी भी चाय या कॉफी के साथ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से इस दवा का प्रभाव कम हो सकता है। थायराइड की दवा के सेवन के दौरान नियमितता बेहद जरूरी है... आपको हर रोज नियमित रूप से इसका सेवन करना होता है।

# वॉटरफॉल पेंटिंग लगाते समय नहीं करनी चाहिए ये वास्तु मिसटेक्स



वॉटरफॉल पेंटिंग देखने में बेहद ही खूबसूरत लगती हैं। लोग इन पेंटिंग्स को अपने घर में लगाना पसंद करते हैं। हालांकि, वॉटरफॉल पेंटिंग लगाते समय आपको कुछ वास्तु मिसटेक्स से बचना चाहिए। अपने घर को सजाने के लिए हम सभी तरह-तरह की पेंटिंग का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। घर के अलग-अलग हिस्सों में तरह-तरह की पेंटिंग्स लगाई जाती हैं। कुछ लोग नेचर लवर होते हैं और इसलिए उन्हें वॉटरफॉल पेंटिंग लगाना काफी अच्छा लगता है। वॉटरफॉल पेंटिंग में जब पानी बहता हुआ दिखता है, तो वह बेहद ही खूबसूरत लगता है।

घर में वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने में कोई समस्या नहीं है। बस जरूरत है कि आप उसे सही तरह से लगाएं। अगर वॉटरफॉल पेंटिंग को गलत दिशा में इस्तेमाल किया जाता है तो यह आपके लिए नेगेटिविटी का कारण भी बन सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने से जुड़ी कुछ वास्तु मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं

### उत्तर दिशा के मध्य में लगाएं

यूं तो आपको घर में वॉटरफॉल पेंटिंग लगाने से बचना चाहिए। लेकिन अगर आप इसे लगाना ही चाहते हैं तो ऐसे में दिशा का खासतौर पर ध्यान रखें। कुछ लोग वॉटरफॉल पेंटिंग को स्पेस के अनुसार कहीं पर भी लगा देते हैं, जबकि यह सही नहीं माना जाता है। हमेशा वॉटरफॉल पेंटिंग को उत्तर दिशा के मध्य में लगाएं।

### लगाएं वॉटर फाउंटेन

अगर आपको पानी से जुड़ी कोई पेंटिंग अपने घर में लगानी है तो आप कोशिश करें कि आप वॉटरफॉल की जगह वाटर फाउंटेन की पेंटिंग अपने घर में लगाएं। वॉटर फाउंटेन में पानी नीचे से ऊपर की ओर जाता है। यह देखने में भी अच्छा लगता है और एक पॉजिटिविटी भी लाता है। इस तरह की पेंटिंग को आप उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। इसे आप उत्तर के मध्य से लेकर पूर्व के मध्य में लगाएं। कभी भी आप इसे दक्षिण-पश्चिम में नहीं लगाना चाहिए।

### दक्षिण-पूर्व का कोना

वॉटरफॉल या वॉटर फाउंटेन की पेंटिंग को भूल से भी दक्षिण-पूर्व दिशा के कोने में नहीं लगाना चाहिए। अगर इस दिशा में वॉटरफॉल पेंटिंग को लगाया जाता है तो इससे आपको धन की हानि की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

# तिल से बनाएं ये अलग-अलग डिश



मकर संक्रांति का त्योहार आने वाला है, इस पर्व में लोग तिल से बनी चीजों से मुंह मीठा करते हैं। यदि आप भी तिल के लड्डू और चिक्की से बोर हो गए हैं, तो इस साल तिल के इन अनोखी चीजों से करें मुंह मीठा।

सर्दियों का मौसम चल रहा है साथ ही जनवरी में हम सभी का फेवरेट मकर संक्रांति का त्योहार आने वाला है। इस त्योहार में खासतौर पर तिल से बनी चीजों से मुंह मीठा किया जाता है। आमतौर पर घरों में लोग तिल से लड्डू और गजक बनाकर मुंह मीठा करते हैं। ऐसे में यदि आप इस साल तिल से बनी कुछ अलग और स्वादिष्ट चीज से अपने रिश्तेदार और मेहमानों का मुंह मीठा करना चाह रहे हैं, तो आज हम आपके लिए कुछ खास और स्वादिष्ट तिल की रेसिपी लाए हैं। यह तीनों ही रेसिपी लड्डू और गजक से अलग है। आपके घरवालों के अलावा आपके मेहमानों को ये तीनों रेसिपी पसंद आने वाली है।

**तिल रेवड़ी:** घर पर रेवड़ी बनाने के लिए तिल को साफ करें और धूप में सुखा लें। गुड़ को पैन में पिघलाकर चाशनी बनालें। एक तरफ साफ तिल को भूनकर ठंडा कर लें। चाशनी में घी, इलायची पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिक्स करें। साथ ही इसमें तिल डालकर अच्छे से मिक्स करें। रेवड़ी का मिश्रण तैयार है, झटपट रेवड़ी बनाएं और ठंडा कर खाने के लिए सर्व करें। तिल की रेवड़ी को आप गुड़ के अलावा चीनी से भी बना सकती हैं।

**तिल बर्फी:** तिल बर्फी बनाने के लिए तिल को पहले रोस्ट करें और मिक्सी में दरदरा पीस लें। एक पैन में चीनी और एक कप पानी डालकर एक तार वाली चाशनी बना लें। चाशनी बन जाए तो उसमें मावा मिलाकर अच्छे से फेंटते हुए मिक्स करें और आखिर में तिल मिला लें। तिल मिलाने के बाद बढ़िया खुशबू के लिए इलायची पाउडर डालकर बर्फी को एक ट्रे में घी लगाकर फैला लें। ठंडा होने के बाद तिल की बर्फी को मनचाहे आकार में काटकर खाने के लिए सर्व करें।

**तिल पोली :** तिल की पोली बनाना बहुत आसान है इसके लिए पहले तिल को भूनकर पीस लें। अब तिल पाउडर में गुड़ मिलाकर अच्छे से मिला लें। पोली बनाने के लिए मैदा और नमक डालकर गूंथ लें।



# घर की सीढ़ियों के नीचे मंदिर होना शुभ या अशुभ, जानिए

उवास्तु शास्त्र में घर के अंदर सीढ़ियों का होना उचित नहीं माना गया है। अगर घर में सीढ़ियां हों तो वास्तु शास्त्र में उन चीजों का उल्लेख मिलता है जिन्हें सीढ़ियों के नीचे नहीं रखना या बनवाना चाहिए।

वास्तु शास्त्र में घर के अंदर सीढ़ियों का होना उचित नहीं माना गया है। हालांकि आज के समय में ज्यादातर घरों में अंदर की तरफ ही सीढ़ियां बनी हुई हैं। वहीं, अगर घर में सीढ़ियां हों तो वास्तु शास्त्र में उन चीजों का उल्लेख मिलता है जिन्हें सीढ़ियों के नीचे नहीं रखना या बनवाना चाहिए। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानेंगे कि क्या सीढ़ियों के नीचे मंदिर रख सकते हैं या बनवाना सही है।

### क्या घर की सीढ़ियों के नीचे मंदिर रख सकते हैं?




वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में मौजूद सीढ़ियों के नीचे मंदिर (मंदिर जाने का लाभ) नहीं होना चाहिए। यह घर के लिए बहुत अशुभ होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सीढ़ियों पर हम चढ़कर जाते हैं यानी कि हामरे पैर सीढ़ियों पर पड़ते हैं।

अगर मंदिर ठीक सीढ़ियों के नीचे होगा तो सीढ़ियों पर पैर रखना यह दर्शायेगा कि आपका पैर मंदिर के ऊपर जो उचित नहीं है। घर का मंदिर हमेशा ऐसी जगह होना चाहिए जहां से मंदिर या तो आपके सामने पड़े या आपके ऊपर पड़े।

अगर मंदिर आपके नीचे की ओर पड़ रहा है तो घर में नकारात्मकता को जन्म देता है। साथ ही, सीढ़ियों के नीचे मंदिर होने से घर में पारिवारिक क्लेश (पारिवारिक क्लेश दूर करने के उपाय) उत्पन्न होता है और ग्रह दोष से जुड़े संकेत भी घर में दिखाई देने लग जाते हैं। सीढ़ियों के नीचे मंदिर होने से घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है जो घर के सदस्यों की सफलता में बाधक बनता है। साथ ही, घर के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ने लग जाता है।

सीढ़ियों के नीचे मंदिर अगर है तो कोशिश कीजिये कि उस स्थान से मंदिर तुड़वा कर घर की पूर्व दिशा में मंदिर बनवाएं। अगर यह मुमकिन नहीं तो आप मंदिर खरीदकर उसे पूर्व दिशा में रखें और भगवान की स्थापना करें।

अगर आपके घर में भी मंदिर सीढ़ियों के नीचे बना हुआ है तो इस लेख में दी गई जानकारी के माध्यम से यह जान लें कि घर की सीढ़ियों के नीचे मंदिर होना सही है या गलत और इस बारे में क्या कहता है वास्तु शास्त्र।



कार्नर न्यूज

हमेशा दृढ़ संकल्पित रहें अपना मकसद हासिल करने

# अपना मकसद पाने के लिए खुद को ऐसे करें तैयार, अपनाइए कुछ आसान तरीके

हम अपना मकसद तो बना लेते हैं लेकिन इस मकसद के लिए मानसिकतौर पर दृढ रह पाना आसन नहीं होता है। हम अक्सर थोड़ी मेहनत के बाद ही हार मान लेते हैं। या फिर मन में उतना जूनून नहीं रह जाता है। जितना शुरू में हुआ करता था। अपनी मंजिल पाने के लिए शुरुआती दिनों वाला जूनून वापस लाना और बनाए रखना जरूरी होता है। इसलिए अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ बादलाव कीजिए और अपनी मंजिल की ओर एक कदम और बढ़ाइए।



### मनपसंद काम

आप वो काम ही चुनें जो आपको पसंद है। दरअसल बेमन से चुना गया काम करने की कोशिश आप खुद ही नहीं करना चाहेंगे।

इसलिए उस काम से जुड़ा ध्येय बनाइए जिसे करना आपको बहुत पसंद है। आप उसे पूरे ऊर्जा से करना चाहेंगे।

### करने के फायदे और न करने के नुकसान

खुद को दो स्थितियों में महसूस कीजिए। ये वो स्थितियां हैं जिसमें आप काम न करने के परिणाम महसूस करेंगे और करने के परिणाम भी जानें।

जैसे आप सोचें कि ये एक प्रोजेक्ट पूरा करके आप दूसरे बड़े प्रोजेक्ट में कमाल कर सकते हैं। जबकि ये काम नहीं करेंगे तो बिल्कुल ही पीछे ही रह जाएंगे। ये तुलना आपको बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी।

### परिणाम की कल्पना

आप अपने मकसद की ओर जब कदम बढ़ाएंगे तो निश्चित ही एक दिन आपको परिणाम भी मिलेगा। वो परिणाम कैसा होगा?

इस बात का जवाब खुद से पूछिए। पूछिए कि आप वो परिणाम पाकर कैसा महसूस करेंगे और आपकी जिंदगी कैसे बदल जाएगी। बस ये कल्पना भी आपको आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करेगी।



### मंजिल के कई हिस्से

आप जो कुछ भी पाना चाहते हैं, उसको छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लीजिए। उसे एक बार में नहीं बल्कि कई हिस्सों में पूरा कीजिए। हर हिस्सा पूरा होने पर आपको संतुष्टि महसूस होगी और आपको अच्छा लगेगा। इस तरह आप मंजिल के और करीब भी आ पाएंगे।

### दूसरों की तरह नहीं अपनी तरह

आप अपनी मंजिल को पाने के लिए जो भी तरीके अपनाते हैं, वो आपके हिसाब से होते हैं। या आपने दूसरों की देखादेखी ये काम किया है। दूसरों ने ये काम अपनी क्षमताओं के हिसाब से किया था। आप भी अपनी क्षमताओं के हिसाब से रास्ता तलाशिए, तब ही आप उस काम को करने के लिए खुद को तैयार कर पाएंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'गोल्डन ग्लोब्स 2025' के प्रस्तुतकर्ताओं में 'वंडर वुमन' का नाम हुआ शामिल



'गोल्डन ग्लोब्स 2025' समारोह में पुरस्कार प्रस्तुतकर्ताओं में इजरायली अभिनेत्री गैल गैडोट का नाम भी शामिल किया गया है। इस समारोह में उनके साथ 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी के उनके को-स्टार्स भी शिरकत करेंगे। इस साल 5 जनवरी, रविवार को 'गोल्डन ग्लोब्स 2025' समारोह आयोजित किया जाएगा। इस साल के पुरस्कार प्रस्तुतकर्ताओं में इजरायली अभिनेत्री गैल गैडोट का नाम भी शामिल है। एक्ट्रेस मार्वेल की 'वंडर वुमन' के नाम से भी प्रशंसकों के बीच मशहूर हैं। वह 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी का भी हिस्सा रही हैं। गोल्डन ग्लोब्स फाउंडेशन और सीबीएस ने घोषणा की कि 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी को-स्टार्स विन डीजल, ड्वेन जॉनसन के साथ गैल गैडोट भी शामिल होंगी।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी के ये तीनों अभिनेता एक साथ दिखाई देंगे। गैल गैडोट ने हाल ही में खुलासा किया था कि मार्च 2024 में अपनी बेटी को जन्म देने से पहले उनके मस्तिष्क में रक्त के थक्के के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी हुई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'स्नो व्हाइट' के प्रचार के लिए शामिल होंगी। इस पुरस्कार समारोह में भाग लेने वाले अभिनेता ड्वेन जॉनसन को हाल ही में ऑली क्रावल्हो के साथ 'मोआना 2' में देखा गया था। अब दोनों को ग्लोब्स प्रस्तुतकर्ता के रूप में भी बुक किया गया है। शायद उन्हें उनके कैरेक्टर्स माउई और मोआना की तरह ही जोड़ा जाएगा, जो फिल्म में एक साथ हैं। वहीं, विन डीजल अभी प्रमोशनल टूर पर नहीं हैं, लेकिन वह 2026 में 'फास्ट एक्सः पार्ट 2' में गैडोट और जॉनसन के साथ अभिनय करेंगे।

### टॉलीवुड


## राम चरण ने गेम चेंजर के लिए फीस में की कटौती, डबल रोल के लिए मेहरबानी



पैन इंडिया सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म गेम चेंजर को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। आइए आपको बताते है कि फिल्म गेम चेंजर के लिए राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी ने कितनी रकम वसूल की है। राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले आपको बताते है कि फिल्म गेम चेंजर में डबल रोल निभा रहे राम चरण ने इस फिल्म के लिए कितनी फीस वसूल की है। साथ ही फिल्म की लीड हीरोइन कियारा आडवाणी को फिल्म के लिए कितनी रकम मिली है। आरआरआर की अपार सफलता के बाद, राम चरण कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं, लेकिन फिल्म गेम चेंजर की रिलीज में देरी की वजह से राम चरण ने आगामी फिल्म के लिए भुगतान में कटौती करने के लिए सहमत हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म गेम चेंजर के मूल समय सीमा को पूरा करने में विफल होने के बाद राम चरण ने अपने वेतन में कटौती की है। फिल्म की रिलीज में काफी देरी की वजह से अभिनेता को 65 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। एस शंकर ने फिल्म के लिए निर्देशन के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये लिए, जबकि कियारा आडवाणी को कथित तौर पर 5 से 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।गेम चेंजर को 450 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट पर बनाया गया है, जिसमें से 75 करोड़ रुपये फिल्म के चार गानों पर खर्च किए गए हैं। फिल्म के आधिकारिक संगीत भागीदारों ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें चार गानों के लिए चौंका देने वाली राशि को सही ठहराया गया। संगीत लेबल, सारेगामा ने खुलासा किया कि सभी चार गाने, जिसमें जरागांडी, रा माचा माचा, नाना हयाना और धोप सेटों के साथ बड़े पैमाने पर बनाए गए थे।

### भोजपुरी

## समाज में फैले रंगभेद का जवाब खोजती 'करियट्ठी' का ट्रेलर रिलीज



अभिनेत्री-निर्माता नीतू चंद्रा ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितिन नीरा चंद्रा की निर्देशित अपनी बहुप्रतीक्षित भोजपुरी फिल्म 'करियट्ठी' का ट्रेलर जारी कर दिया है। जैसा कि टाइटल से पता चलता है, फिल्म की कहानी त्वचा के रंग के भेदभाव और कन्या भ्रूण हत्या के अलावा कई सामाजिक मुद्दों के बारे में है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग ट्रेलर की जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रंग और कन्या भ्रूण हत्या पर केंद्रित एक कथा बुनती है। देखने में बेहद खूबसूरत पोस्टर एक ऐसी कहानी की ओर इशारा करता है, जो दर्शकों को समाज की इस सच्चाई से रूबरू कराएगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक परिवार में लड़की पैदा होती है। पैदा होते ही उसकी मां कहती है कि क्या कहूं मैं ब्राह्मण के घर ये काली लड़की पैदा हुई है। इसे लेकर उसके पिता और बाकी रिश्तेदार भी काफी चिंतित दिखते हैं।

ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि जैसे-जैसे वह बड़ी होती है। हर कोई उसे 'करियट्ठी' के नाम से बुलाता है। हालांकि, वो लड़की पढ़ने और गाने में काफी तेज भी होती है, लेकिन समाज उसे हर वक्त यह महसूस कराता है कि वह काली है। कई लोग उसे गोरा रंग करने के नुस्खे भी बताते हैं। अंत में वह खुद से सवाल करती है कि क्या काला रंग होना कोई अपराध है। समाज काले रंग के व्यक्ति को इतनी हीन नजरों से क्यों देखता है।

## विंटर शो की तैयारी

लाइफ स्टाइल



पेरिस फैशन वीक में फॉल विंटर फैशन वीक 21 जनवरी से 26 जनवरी तक होना है। यहाँ शीर्ष डिज़ाइनर इन ठंड के महीनों के लिए अपने खास कलेक्शन पेश करेंगे। मॉडल भी इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। फैशन वीक की तैयारी में जुटे दो मॉडल यहां नजर आ रहे हैं।

## सर्दियों में अपना चेहरा धोने करें कुदरती पहल, दमकती त्वचा के साथ मिलेगी तारीफ



सर्दी के मौसम में त्वचा के लिए तमाम तरह के प्रोडक्ट होते हैं, जो त्वचा का अच्छी तरह से ध्यान रखते हैं लेकिन इसके बाद भी बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं।

इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।

## इस मौसम में खूब भायेगा मखमली कुर्ता, आजमा कर देखिए



फैशन

ठंड के इस मौसम में आम तौर पर कपड़ों को लेकर पुरुषों के पास तो ज्यादा ऑप्शन नहीं होते लेकिन महिलाएं बहुत सा विकल्प रखती हैं। इस मौसम में अगर आप भी कुछ ऐसा पहनने का सोच रहीं हैं, जिसे पहनकर आप खूबसूरत भी लगें और आपको ठंड भी ना लगे तो वेलवेट यानि मखमली सूट आपके लिए बेहतर विकल्प है।



### हरे रंग का कुर्ता

हरा रंग पूजा में पहनने के लिए वैसे भी काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप एक्ट्रेस प्रिया वॉरियर के जैसा मखमली कुर्ता अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस कुर्ते के साथ आप स्लीक स्टाइल में जूड़ा बना सकती हैं।

### लाल कुर्ता

मखमली लाल कुर्ता प्लाजो के साथ अगर आप पहनेंगी तो आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका लुक भी काफी खूबसूरत दिखेगा। आप चाहें तो अभी से इसे तैयार करा सकती हैं।

### डीप पर्पल सूट

आप चाहें तो डीप पर्पल रंग का मखमली फैब्रिक का सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ग्लैमरस लुक के लिए आप इस कुर्ते का गला आगे से थोड़ा डीप करा सकती हैं। इसकी स्लीव का डिजाइन भी अगर आप थोड़ा हटकर बनवाएंगी तो आपका लुक खूबसूरत दिखेगा।

### नई दुल्हन के लिए

इस मौसम में आप मखमली अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। मखमली फैब्रिक में अनारकली सूट काफी खूबसूरत दिखता है।

### रॉयल लुक देगा रॉयल ब्लू

अगर आप शाही लुक कैरी करना चाहती हैं तो रॉयल ब्लू रंग का सूट आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। आप इसके साथ अलग रंग का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

## पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट बनवाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल, मिलेगा परफेक्ट लुक

रोजाना से लेकर पार्टी या शादी तक में हम सलवार सूट को पहनना पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस मौके पर खासकर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहना जाता है। ज्यादातर इन सलवार-सूट को रेडीमेड की जगह सिलवाया जाता है। सूट को स्टाइल करने के लिए आपको बॉडी टाइप के हिसाब से इसे सिलवाना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ आसान टिप्स जिनकी मदद से आप आसानी से पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट सिल्वा सकती हैं और अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।

### सलवार सिलवाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल

आजकल सिंपल से सिंपल लुक में भी सलवार के लिए आपको इसके कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन सलवार बनवाने के लिए आपको इसकी लेंथ से लेकर बनवाई गई कलियों तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपकी



बॉडी शेप परफेक्ट तरीके से डिफाइन हो सके। वहीं आप चौड़े पौंचे वाली सलवार बनवा सकते हैं। यह काफी चलन में आजकल नजर आ रही है।

सूट की लेंथ को वैसे तो पंजाबी स्टाइल में शॉर्ट ही रखा जाता है, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप भी इसे बिल्कुल ही शॉर्ट बनवाये बल्कि आप सूट की लेंथ को अपनी बॉडी शेप के हिसाब से कस्टमाइज कर घुटने तक का भी बनवा सकती हैं और इसका घेरा भी आप अपनी वेस्ट के हिसाब से बड़ा या छोटा करवा सकती हैं। पंजाबी लुक में खासकर पटियाला सलवार को पहनना पसंद किया जाता है।बालों के लिए आप परांदी की मदद लेकर ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

## अपने बाल धोते वक्त कभी न करें ये गलतियां

आज के समय में बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से लोगों के साथ कई तरह की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। वैसे तो बाल झड़ने की कई वजह हो सकती हैं, लेकिन इनमें सबसे अहम है गलत तरह से बालों का धोना।

बालों को ज्यादा तेज गर्म पानी से धोना उन्हें डैमेज कर सकता है और सिर की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में हमेशा बालों को ठंडे या गुनगुने पानी से धोना ज्यादा सही माना जाता है। अगर आप ज्यादा मात्रा में शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे भी आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। डैमेज होने के बाद बाल काफी ज्यादा मात्रा में टूटने लगते हैं। ऐसे में हमेशा अपने हेयर टाइप के हिसाब से ही शैंपू चुनें और उसका इस्तेमाल भी सही मात्रा में करें।

बाल बेहद नाजुक होते हैं। ऐसे में आप अपने बालों को धोने वक्त ज्यादा तेज ना रगड़े। इससे बाल कमजोर हो जाते हैं और तेजी से झड़ने लगते हैं। अगर आप हर रोज बाल धोते हैं, तो ये भी आपके बालों को कमजोर बनाता है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा हफ्ते में तीन बार ही बालों को धोएं, तभी आपके बाल मजबूत बनेंगे। हेयर कंडीशनर को कभी बालों की जड़ों में नहीं लगाया जाता है। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे बाल जड़ से कमजोर होने लगते हैं।



कार्नर न्यूज

## कोट की असल लंबाई और फिटिंग जानिए इन फैशन टिप्स के साथ

# मेंस फैशन का अटूट हिस्सा है कोट इसे जरूर बनाइए खास पार्टी की शान

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है।

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।



### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।



### ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

### कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।